नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 286 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 10 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -4 पर

राजमहल सक्ती से निकली सर्व आदिवासी समाज की रैली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हर व्यक्ति को व्यक्तिगत लाभ ...

पेज -8 पर

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छूहीपहाड़ एवं खलबोरा में हुआ विभिन्न कार्यक्रम

## अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी रहे उपस्थित






जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़। रायगढ़ जिले के अंतिम छोर पहाड़ पर स्थित गांव चापकछार में धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।

अपर कलेक्टर राजीव कुमार पांडेय, एसडीएम डिगेश पटेल, जिला परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी, परियोजना अधिकारी धरमजयगढ़ सहित अनेक विभागों के अधिकारी कर्मचारी पांच किलोमीटर पहाड़ी पर पैदल यात्रा कर छूहीपहाड़ पहुंचे। पहाड़ी पर बसे इस गांव को नया मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसमें चापकछार, सिरडाही एवं छूहीपहाड़ के मतदाता मतदान करेंगे। तीनों गांव में 57 परिवार विशेष पिछड़ी जनजाति, 20 परिवार उरांव एवं 20 परिवार अहीर समाज के हैं। इस मतदान केंद्र में 310 मतदाता हैं। तीनों गांव के मतदाता मतदान करने 10 किलोमीटर पैदल चलकर वोट डालने जाते थे। जिस कारण वृद्ध या कमजोर लोग मतदान से वंचित रह जाते थे। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पांडेय पूर्व में एसडीएम धरमजयगढ़ रहे हैं। जिनके प्रयास से यह मतदान केंद्र बना है। नए मतदान केंद्र बनने पर वहां के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब यहां मतदान करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों ने अपनी पारंपरिक तरीके से नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डीएस मालिया सामाजिक वैज्ञानिक ने किया।

### बिरहोर बस्ती खलबोरा में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

विश्व आदिवासी दिवस पर सामाजिक लोगों के साथ साथ शासन प्रशासन द्वारा भी वृहद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम खलबोरा में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि ग्राम खलबोरा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोग निवासरत हैं। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में यहां मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर बिरहोर समुदाय द्वारा पारंपरिक कर्मा नृत्य किया गया। खलबोरा के स्कूल प्रांगण में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा चुनाव से संबंधित नृत्य प्रस्तुत किया गया। बिरहोर समाज के नव मतदाताओं को ईवीएम मशीन में वोट डालने के लिए बताया गया। वहीं बिरहोर समाज के सभी मतदाताओं को बिरहोर बोली में मतदान करने शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पधारे अपर कलेक्टर ऋ तु हेमनानी ने लोगों को संबोधित करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में हम सबको मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर तहसीलदार भोजराम डहरियाए सीईओ शिव कुमार टंडन सहित अनेक विभाग के अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्रा एवं नागरिकगण शामिल हुए।





जितना भी दौरा कर लें, कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा

## हमें अपने काम और नेतृत्व पर है विश्वास-कुमारी शैलजा



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जितना भी दौरा करें, उससे कांग्रेस को कोई असर नहीं पड़ेगा. पिछले 5 साल में हमारी सरकार ने पूरे छत्तीसगढ़ का विकास किया है, हर समुदाय का विकास किया है. हमें अपने काम पर विश्वास है, हमें अपने नेतृत्व पर विश्वास है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा बुधवार सुबह रायपुर पहुंची. इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री को हर राज्य को अपना राज्य समझना चाहिए, चाहे वहां किसी भी पार्टी की सरकार हो. प्रधानमंत्री कॉपरेटिव फेडरेलिज्म की बात करते थे, उसे कहीं पीछे ढकेल दिया गया है. चुनाव आ रहा है, तो बार-बार प्रधानमंत्री यहां आ रहे हैं. केंद्र सरकार से जो भेदभाव होता रहा है, यहां की जनता समझ गई है.

विश्व आदिवासी दिवस की उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा जनसंख्या आदिवासियों की है. वहीं इस अवसर पर होने वाले आयोजन की आलोचन पर उन्होंने कहा कि बीजेपी की आदत है. जो भी अच्छा कार्य होता है, उसे हमेशा नीचे दिखाने का काम करते हैं. हमारे आदिवासियों की संस्कृति को नीचा दिखाने का प्रयास बीजेपी ना करें तो अच्छा होगा।

## प्रेमी ने युवती पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

इलाज के दौरान मौत, आरोपी भी जला



रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र के बीरगांव ट्रांसपोर्ट नगर में प्रेमी द्वारा युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई थी. जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है. 70% जलने के बाद युवती का DKS अस्पताल में इलाज चल रहा था. 21 वर्षीय युवती आई-4 सिक्योरिटी एजेंसी में अकाउंटेंट का काम करती थी।

प्रेमी जीवन लाल दुबे ने ऑफिस में घुसकर युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी. एक तरफा प्यार के चलते आरोपी प्रेमी ने ऐसी खौफनाक घटना को अंजाम दिया. वारदात के दौरान आरोपी प्रेमी भी 30% जला है. जिसका इलाज भी डीकेएस अस्पताल में चल रहा है।

### एक नजर

## कांग्रेस से इस्तीफे के कयास के बीच अरविंद नेताम ने बयां किया दर्द

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने के कयास के बीच आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने कहा कि कांग्रेस में हूं या नहीं, यह मेरे लिए दुविधा है. आज पार्टी में प्रदेश के नेता की इच्छा हुई तो रहेगा, नहीं तो नहीं रहेगा।

अरविंद नेताम में मीडिया से चर्चा में कहा कि राजनीति का नियम हैं कि दो पार्टी में रहकर चुनाव प्रचार नहीं कर सकते. मैं प्रक्रिया का इंतजार कर रहा है. चुनाव लड़ना है तो कांग्रेस पार्टी छोड़ना ही पड़ेगा. उन्होंने कहा कि पार्टी ने नोटिस दिया था, मैंने जवाब दे दिया. फैसला पार्टी को करना चाहिए. कांग्रेस से निकाल दें या फिर रख लें. इसके साथ ही उन्होंने मीडियाकर्मियों से गुजारिश कर डाली कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पूछ के बता दे कि मैं पार्टी में हूं या नहीं. आदिवासी दिवस पर अरविंद नेताम ने कहा कि हम इस दिवस में समीक्षा करेंगे. समाज के तरफ से समीक्षा होगी. अधिकांश देशों में आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है।

696 हितग्राहियों को मिले वनाधिकार पत्र

## 27 हजार हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक वितरण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सरगुजा जिले के सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 696 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत 27 हजार से अधिक हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज, सामग्रियों और सहायता राशि के चेक का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा राजस्व विभाग के 22 हजार 268 हितग्राहियों को जाति, निवास, आय, बी-1, खसरा एवं ऋण पुस्तिका का वितरण, कृषि विभाग के 170 हितग्राहियों को स्पेयर पम्प, रागी मिनी किट, किसान समृद्धि योजना के चेक, शाकम्भरी योजना से पम्प, श्रम विभाग के 1280 हितग्राहियों को सहातया राशि के चेक, पशु विभाग के 680 हितग्राहियों को बैकयार्ड कुक्कुट वितरण, नर बकरा योजना व मादा वत्स योजना का लाभ, शिक्षा विभाग द्वारा 300 हितग्राहियों को सायकल, समाज कल्याण विभाग के 129 हितग्राहियों को छड़ी एवं मोटराइज्ड साईकल, उद्यान विभाग के 267 हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट, पॉवर स्पेयर, पैक हाउस अनुदान पत्रक व केसीसी, स्वास्थ्य विभाग के 100 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, महिला एवं बाल विकास विभाग के 1002 हितग्राहियों को सुपोषण किट, खाद्य विभाग के 100 हितग्राहियों को राशनकार्ड, मतस्य विभाग के 100 हितग्राहियों को जाल एवं आईस बॉक्स, क्रेडा विभाग के 5 हितग्राहियों को सौर सुजला योजना से पंप का वितरण, आदिवासी विकास विभाग के 696 हितग्राहियों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्र, गोधन विभाग के 100 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र, जिला पंचायत विभाग के 03 हितग्राहियों और जिला अंत्यावसायी के 03 हितग्राहियों को चेक वितरण किया।

## छत्तीसगढ़ में नकली किन्नर बनकर अवैध वसूली, 5 महिलाएं गिरफ्तार

**दुर्ग।** नकली किन्नर बनकर अवैध वसूली करने वाली 5 महिलाओ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इन महिलाओं के खिलाफ 420 सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है. सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। दरअसल कुछ दिन पूर्व ही किन्नर समाज के सदस्यों ने महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक के पास नकली किन्नरों के खिलाफ इस बात की शिकायत की थी कि नकली किन्नर बनकर देवार जाति की महिलाएं ट्रेनों व बाजारों में अवैध वसूली करके उनके बिरादरी को बदनाम कर रही है. इसके बाद महिला आयोग की अध्यक्ष ने इस संबध में दुर्ग थाने को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था.

आज सिटी कोतवाली दुर्ग को जब इस बात की जानकारी हुई कि नकली किन्नरों का ग्रुप फिर से शहर में सक्रिय हुआ है।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आदिवासियों का हो रहा उत्थानः राजस्व मंत्री अग्रवाल




**रायपुर।** राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में आदिवासी समाज ही नहीं सभी समाज के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उनका उत्थान किया जा रहा है। किसानों की कर्जमाफी के साथ ही धान के समर्थन मूल्य धान की खरीदी, लघु वनोपजो की समर्थन मूल्य पर खरीदी, पेसा कानून, आदिवासियों के जमीन की वापसी, देवगुड़ी स्थापना जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। वे आज कोरबा के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित आडिटोरियम में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में आगे कहा कि छत्तीसगढ़ व कोरबा जिला के विकास में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से ही जिले में बड़े-बड़े प्लांट, खदान स्थापित हो पाए हैं, इसलिए हमारी भी प्राथमिकता होगी कि हम इस समाज के विकास में सहयोग करें।

आदिवासी दिवस... मुख्यमंत्री विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

## सुंदर बस्तर की कल्पना को साकार कर रही छत्तीसगढ़ सरकार : मुख्यमंत्री

रायपुर। बस्तर जो शांति का टापू है, शस्य श्यामला है, प्राकृतिक सुंदरता से भरा हुआ है। बस्तर में साफ दिल के लोग हैं, भोले-भाले लोग हैं, मेहनतकश और ईमानदार लोग हैं। पिछले कुछ वर्षों से जो भय का माहौल बना था, आज वह भय से उन्मुक्त होते जा रहे हैं।




आज हिंसक घटनाओं में बहुत कमी आई है और उसका लाभ जनता उठा पा रही है। लोग आसानी से व्यापार-व्यवसाय कर रहे हैं, शिक्षा से, रोजगार से जुड़ रहे है और अपनी संस्कृति से जुड़कर संरक्षित एवं संवर्धित कर रहे हैं। जिस सुंदर बस्तर की कल्पना हमारे पुरखों ने की थी, आज उसे साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार दिन रात मेहनत कर रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर जगदलपुर के काकतीय कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बस्तर जिले को 637 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 150 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और 487 करोड़ रूपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन की शुरूआत मां दंतेश्वरी के जयकारे के साथ की। उन्होंने जनजातीय समुदाय के देवी-देवताओं को प्रणाम करते हुए सभी को विश्व आदिवासी की शुभकामनाएं दी। श्री बघेल ने कहा कि आज का दिन आदिवासियों के लिए समर्पित है। पूरे विश्व में आदिवासी भाई बहन बहुत उल्लास के साथ अपना दिवस मना रहे हैं।



डॉक्टर्स ने जिंदा बच्ची को बताया मराःदफन करने मंगाया कफन

## पॉलिथिन में पैक करते समय शरीर में हुई हलचल, परिजनों ने किया हंगामा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बैरनबाजार स्थित सांई सुश्रुषा अस्पताल में डॉक्टर की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मंगलवार सुबह पैदा हुई जुड़वां बच्चियों को अस्पताल प्रबंधन ने मरा हुआ बताया, लेकिन इनमें से एक बच्ची के शरीर में पैकिंग के समय मूवमेंट हो गई, जिससे पता चला कि बच्ची जिंदा है। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक,



बैरनबाजार स्थित सांई सुश्रुषा हॉस्पिटल में समता कॉलोनी के रहने वाले अंजनी सारस्वत ने अपनी पत्नी को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया। मंगलवार तड़के 3 बजे पत्नी ने जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया। अस्पताल प्रबंधन ने पिता को बताया कि डिलीवरी प्री-मैच्योर है। डिलीवरी के दौरान एक बच्ची की मौत हो चुकी है और दूसरी बच्ची भी अपनी अंतिम सांसें गिन रही है। थोड़ी देर के बाद डॉक्टर ने दूसरी बच्ची को भी मृत घोषित कर दिया। जुड़वां बच्चियों की मौत की खबर सुनकर अंजनी सारस्वत के परिचित और परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए इधर अस्पताल प्रबंधन ने दोनों बच्चियों के शव को लपेटने के लिए कफन लाने की बात परिजनों से की।

# आफत की बारिश ने खोली नगर निगम की पोल, बाढ़ में बही सरकार की लचर व्यवस्था

मानसून के कहर से हम सभी भलीभांति परिचित हैं। शायद ही कोई ऐसी जगह बची होगी, जहां झमाझम बारिश ने अपना कहर नहीं बरपाया हो। इस बार गुजरात से मानसून की शुरुआत हुई, जिसके बाद मुंबई-महाराष्ट्र, राजस्थान और दिल्ली में इसका कहर देखने को मिला। हालांकि, हिमाचल में मानसून का भारी प्रभाव देखने को मिला था। चारों तरफ आफत की बारिश का शोर इस कदर मचा हुआ था कि, जहां कुछ लोग इसका लुफ्त उठा रहे थे।

वहीं यह बारिश किसी के काम की पोल खोल रही थी। दरअसल, अपने कामों का डंका बजाने वाली नगर निगम की मानसून में पोल खुलती नजर आई।

### सामने आया नगर निगम का पक्का काम

हर बार की तरह मानसून में भारी बारिश का कहर देखने को मिला। बारिश के कारण सड़कों पर पानी इतना भर गया कि, आने जाने वाले लोगों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। यही नहीं नालियों में अधिक पानी भरने से सारा पानी बाहर रास्तों पर आने लगा। सड़कों पर गड्ढे होने के कारण उनमें पानी भर गया, जो बाद में कई बीमारियों का कारण बनता है। बात अगर गुजरात की करें तो वहां मानसून के सक्रिय होते ही राज्य के 132 तहसीलों में बारिश से बुरा हाल हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा करीब पांच इंच बारिश वलसाड जिले की उमरगाम तहसील में दर्ज की गई थी। इस झमाझम बारिश में जानमाल का भारी नुकसान हुआ है, तो वहीं उत्तर प्रदेश में नगर निगम द्वारा बारिश से पहले शहर में नाले-नालियों की सफाई के लिए कई अभियान चलाए गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, करोड़ों रुपये खर्च कर इन नालों की साफ-सफाई कराई गई। वर्तमान में भी कुछ इलाकों में साफ-सफाई अभियान चल रहा है। लेकिन बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि, जब इन नालियों का निर्माण अभी हुआ तो सड़कों पर ये पानी कैसे भरा?

### एनसीआर की सड़कों का हैं बुरा हाल

आपको बता दें, गाजियाबाद का गौशाला फाटक का अंडरपास पानी से लबालब भर गया था, जहां



एक तरफ गाजियाबाद स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का स्लोगन दीवारों पर अंकित किया गया है। वहीं जलभराव इस स्वच्छ सर्वेक्षण को पलीता और नगर निगम की पोल खोलता हुआ नजर आया। गाजियाबाद के बीचों बीच विजयनगर को सिटी से जोड़ने वाले एकमात्र अंडरपास गौशाला में हमेशा से ही बारिश के पानी से

**मानसून के कहर से हम सभी भलीभांति परिचित हैं। शायद ही कोई ऐसी जगह बची होगी, जहां झमाझम बारिश ने अपना कहर नहीं बरपाया हो। इस बार गुजरात से मानसून की शुरुआत हुई, जिसके बाद मुंबई-महाराष्ट्र, राजस्थान और दिल्ली में इसका कहर देखने को मिला। हालांकि, हिमाचल में मानसून का भारी प्रभाव देखने को मिला था।**

जलभराव की समस्या बनी रहती है। यही नहीं नोएडा की अधिकतर सड़कें बरसात के पानी से भरी हुई थीं। इससे लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

### हिमाचल में बारिश ने बरपाया था कहर

हिमाचल प्रदेश में मानसून बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। हम सभी को कई दिनों तक बारिश का तांडव देखने को मिला। हिमाचल की लगभग सभी नदियों ने रौद्र रूप धारण कर लिया था। ब्यास नदी ने कुल्लू से मंडी तक जमकर कहर बरपाया। भारी बारिश की वजह से 4 नेशनल हाइवे सहित 800 से ज्यादा सड़कों को बंद किया गया था। कुल्लू से लेकर मनाली तक हाईवे के रास्तों पर अधिक जाम था। चंबा पठानकोट राजमार्ग बनीखेत के पास धंस गया था। भारी बारिश के चलते हिमाचल प्रदेश में सैंकड़ों संपर्क मार्ग बंद पड़े थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान 8 लोगों की मौत भी हुई थी। साथ ही राजधानी शिमला में 6 लोगों की मौत हुई थी। शिमला के कुमारसैन के कोटगढ़ के मधावनी पंचायत के पनेवली गांव में पहाड़ी से भारी भूस्खलन होने के कारण मकान मलबे में दब गया। घटना के वक्त घर के एक कमरे में सोए माता-पिता और उनके 11 साल के बेटे की मौत हो गई। वहीं ठियोग में धमांदरी के बागड़ा गांव में घर पर लैंड स्लाइड से मां-बेटे की मौत हो गई। खैर अब तो मॉनसून लगभग खत्म हो चुका है। ऐसे में देखना ये होगी कि, क्या सरकार इन सभी नुकसान की भरपाई कर पाती है। जिन लोगों ने इस बारिश में अपनों को खोया है।

### दिल्ली में पीडब्ल्यूडी के काम की खुली पोल

बात अगर राजधानी कि करें तो हकीकत कुछ और ही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीडब्ल्यूडी ने इस बार दिल्ली में 165 जलभराव वाले स्थान और पांच हॉटस्पॉट की पहचान की थी। सरकार का दावा थी कि, इन क्षेत्रों में समस्या से निपटने के लिए वह पूरी तरह तैयार है। मगर हकीकत इससे अलग ही निकली।

मेघा कुमारी

## संपादकीय

### अब फिर राहुल की राजनीति होगी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में दो साल की सजा होने और लोकसभा के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उनको लेकर दो तरह से विचार किया जा रहा था। एक, अगर उनकी सजा पर रोक नहीं लगती है और वे अगला चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो क्या होगा? दो, सजा पर रोक लग जाती है, लोकसभा की सदस्यता बहाल हो जाती है और अगला चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो जाता है तब क्या होगा? कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के कई नेता मान रहे थे कि अगर राहुल की सजा बरकरार रहती है और वे चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो वह स्थिति ज्यादा बेहतर होगी क्योंकि तब राहुल को पूरे देश में विक्टिम की तरह पेश किया जा सकेगा, जैसे अरविंद केजरीवाल बात बात पर खुद को विक्टिम बना कर पेश करते रहते हैं। ध्यान रहे पीड़ित और कमजोर के साथ हमेशा इस देश के लोगों की सहानुभूति होती है। राहुल ने भी खुद को विक्टिम की तरह पेश करना शुरू कर दिया था। वे पिछले दिनों हरियाणा के किसानों से मिले तो महिला किसानों ने उनका घर देखने की इच्छा जताई, जिस पर उन्होंने कहा कि उनके पास दिल्ली में घर नहीं है। सरकार ने उनका घर छीन लिया है। दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में घर तलाशने और संदीप दीक्षित का घर किराए पर लेने की खबर भी राहुल को विक्टिम बता कर पेश करने की रणनीति का ही एक हिस्सा था। बहरहाल, घर का मामला एक छोटा मामला है। उनके विक्टिम होने को बहुत बड़ा बता कर चुनाव में पेश किया जा सकता था। सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप तो लगते ही यह भी आरोप लगता कि नरेंद्र मोदी चुनाव में राहुल गांधी से घबरा रहे थे इसलिए उनको लड़ने के अयोग्य कराया गया। इससे कांग्रेस को फायदा होता।

# लाइसेंस राज की वापसी बनाम डिजिटल इंडिया अभियान की बाधाएं

पिछले हफ्ते केंद्र सरकार ने कंप्यूटर, सर्वर और कुछ अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर मिला-जुला असर पड़ सकता है। लेकिन सरकार ने इस फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया है और अब यह फैसला आगामी एक नवंबर से लागू होगा।

कई अन्य देशों की तरह भारत भी कंप्यूटर और उससे जुड़े उपकरणों का आयात करता है, जो कई क्षेत्रों और लोगों के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण हैं। आजकल कार्यस्थल पर लोगों को लैपटॉप उपलब्ध कराना एक मानक बन गया है। बाइक, बस, मेट्रो और हवाई अड्डों के सुरक्षा काउंटरों पर लोगों को लैपटॉप लेकर जाते हुए देखा जा सकता है। और हमारे आसपास जितनी मात्रा में डाटा संबंधी लेन-देन एवं गतिविधियां होती हैं, वे सर्वर को हमारे कामकाज का अभिन्न अंग बनाती हैं। इसके अलावा, कोविड के लॉकडाउन के दिनों से कामकाज, शिक्षा और यहां तक कि मनोरंजन के लिए कंप्यूटर स्क्रीन का लोगों के जीवन में महत्व बढ़ गया है। इसलिए कंप्यूटर के आयात पर प्रतिबंध लगाए जाने पर दीर्घकालीन असर पड़ेगा। सरकार के फैसले में कहा गया कि उसने आयात लाइसेंसिंग का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत जो कंपनियां कंप्यूटर, डाटा प्रोसेसिंग मशीन और सर्वर जैसी सामग्रियां आयात करना चाहती हैं, उन्हें लाइसेंस लेना होगा। यह एक नियमित कागजी कार्रवाई जैसी लगती है, जो बड़ी कंपनियों को लाइसेंस के



लिए आवेदन करने और अपना नियमित व्यवसाय जारी रखने की अनुमति देगी। हालांकि बड़े ब्रांडों को इस नई जरूरत को पूरा करने में परेशानी नहीं हो सकती है, लेकिन कम ज्ञात ब्रांडों को, जो बड़े पैमाने पर बाजार के निचले स्तर की जरूरतें पूरी करते हैं, चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कंप्यूटर और उसके उपकरणों का बाजार कीमत के लिहाज से बहुत संवेदनशील है और कुछ हजार रुपये का अंतर भी खरीदारों एवं उनकी जरूरतों को प्रभावित कर सकता है। इसका मतलब यह होगा कि डिजिटल इंडिया अभियान से जुड़ने में लोगों के सामने बड़ी बाधाएं हो सकती हैं। छोटे शहरों और यहां तक कि गांवों में जो छात्र अपनी शिक्षा के लिए लैपटॉप या टैबलेट का खर्च उठा सकते हैं, उन्हें भी पढ़ाई और रोजगार के अवसरों तक पहुंचने में मुश्किल हो सकती है।

लेकिन एक ऐसा वर्ग भी है, जो इस आयात प्रतिबंध से खुश है और वह है कंप्यूटर एवं लैपटॉप का घरेलू निर्माता वर्ग। वे इस कदम को आईटी हार्डवेयर के लिए सरकार की हालिया नवीनीकृत उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को बढ़ावा देने के रूप में देखते हैं। सरकारी तंत्र का मानना है कि यह कदम बड़े ब्रांडों को तैयार कंप्यूटर, लैपटॉप और सर्वर आयात करने के बजाय पीएलआई से लाभ उठाने के लिए भारत में निर्माण करने और स्थानीय स्तर पर बेचने के लिए प्रेरित करेगा। यह इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में घरेलू उत्पादन को मजबूत करने का एक उपाय हो सकता है, लेकिन इसका फायदा मिलने में काफी समय लग सकता है।

सरकार के इस कदम को इस तरह से भी देखा जा सकता है कि वह चीन से कंप्यूटर, टैबलेट और सर्वरों के कल-पुर्जों पर निर्भरता को सीमित करना चाहती है। सरकार ने बार-बार चीन में बने उपकरणों का उपयोग करते समय सुरक्षा खतरों का हवाला दिया है। इसके अलावा, यह भारत में लैपटॉप एवं कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के आयात को प्रतिबंधित कर सकता है, जो हाल के वर्षों में बढ़ा है। उदाहरण के लिए, इस वर्ष अप्रैल-जून के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं का आयात एक वर्ष पहले की अवधि के 4.73 अरब डॉलर से बढ़कर 6.96 अरब डॉलर हो गया, जिसकी कुल आयात में चार से सात फीसदी की हिस्सेदारी है। और भारत के पर्सनल कंप्यूटर और लैपटॉप के आयात में चीन की हिस्सेदारी लगभग 70 से 80 फीसदी है। यह आयात बिल भारत के निर्यात की तुलना में बहुत कम है, जो काफी हद तक आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं के माध्यम से सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी पर निर्भर है। इससे हार्डवेयर की तत्काल आपूर्ति प्रभावित नहीं हो सकती, लेकिन कुछ समय बाद मौजूदा स्टॉक की कमी इनकी कीमतों को प्रभावित कर सकती है, जो अधिकतम खुदरा मूल्य की तुलना में काफी कम कीमत पर बेचे जाते हैं। आपूर्ति पर किसी भी तरह का प्रतिबंध कीमतों को प्रभावित कर सकता है और इसका व्यापक प्रभाव होगा।

नारायण कृष्णमूर्ति

## मिला जुला

### एक नजर

#### हरियाणा की 50 पंचायतों ने किया मुस्लिमों के बहिष्कार का ऐलान

हरियाणा के नूंह में भड़की सांप्रदायिक हिंसा की आग के बाद माहौल अब शांत होने लगा है। इसी बीच पंचायतों ने ऐसा फरमान जारी किया है जिससे टेंशन बढ़ सकती है। दरअसल, तीन जिलों- रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और झज्जर की 50 से अधिक पंचायतों ने मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए पत्र जारी किए हैं। सरपंचों द्वारा साइन किए गए इन पत्रों में यह भी कहा गया है कि गांवों में रहने वाले मुसलमानों को पुलिस के पास अपने पहचान से संबंधित दस्तावेज जमा करने होंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि अधिकांश गांवों में अल्पसंख्यक समुदाय का कोई भी निवासी नहीं है। बस कुछ परिवार हैं जो तीन से चार पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं। पत्र में कहा गया है, 'हमारा इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं है।' नारनौल (महेंद्रगढ़) के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि उन्हें पत्रों की भौतिक प्रतियां (फिजिकल कॉपी) नहीं मिली हैं, लेकिन उन्होंने उन्हें सोशल मीडिया पर देखा है और ब्लॉक कार्यालय से सभी पंचायतों को कारण बताओ नोटिस भेजने को कहा है।

### 'मणिपुर को आपने दो भाग में तोड़ दिया है', राहुल गांधी का मोदी सरकार पर सीधा वार




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर जमकर हमला बोला. राहुल गांधी ने कहा कि लोग कहते हैं ये देश है. कोई कहता है अलग-अलग भाषाएं हैं, कोई कहता है जमीन है, मिट्टी है. कोई कहता है ये सोना है ये चांदी है. उन्होंने कहा कि ये देश एक आवाज है, इस देश के लोगों का दर्द-दुख-कठिनाइयां हैं.

राहुल गांधी ने कहा कि अब कहोगे कि हमने ये बातें अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान क्यों कहीं. अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इसका क्या काम? तो ऐसा इसलिए क्योंकि देश की आवाज सुनने के लिए अहंकार को, नफरत को मिटाना होगा. उन्होंने कुछ ही दिन पहले अपने मणिपुर जाने का जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री आज तक नहीं गए. उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान नहीं है. उन्होंने कहा कि आज की सच्चाई ये है कि मणिपुर नहीं बचा है. आपने मणिपुर को दो भाग में बांट दिया है, तोड़ दिया है.

### रूस के मिसाइल अटैक से पूर्वी यूक्रेन में मची तबाही, 7 लोगों की मौत 81 घायल

**रूस-यूक्रेन** युद्ध को लेकर हालात और बदतर होते नजर आ रहे हैं। एक तरफ रूस इस बात पर अड़ा है कि वह यूक्रेन को तबाह करके ही मानेगा वहीं यूक्रेन रूस के सामने घुटने टेकने को तैयार नहीं है। रूस की तरफ से यूक्रेन पर किए गए हालिया मिसाइल अटैक में 7 लोगों की जान चली गई है, जबकि 81 लोग घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने क्रेमिनल की



सेना पर बचाव कर्मियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। किरिलेंको ने बताया कि ये हमले 40-40 मिनट के अंतराल पर हुए। उन्होंने कहा कि हमले में 12 बहुमंजिला इमारतें, एक होटल, एक दवा दुकान, दो स्टोर और दो कैफे को नुकसान पहुंचा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस पर पूर्वी यूक्रेन में तबाही मचाने का आरोप लगाया।

### भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर पीएम का मैसेज

# भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण भारत छोड़ो

### आज से मेरी माटी-मेरा देश अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के मौके पर वीडियो मैसेज जारी किया। इसमें उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने आगे कहा कि देश के विकास में कुछ बुराइयां रुकावट बन रही हैं। इसलिए आज भारत एक स्वर में कह रहा है कि भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो और तुष्टिकरण भारत छोड़ो।

केंद्र सरकार आज से मेरी माटी-मेरा देश अभियान की भी शुरुआत करेगी। 30 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत देशभर में शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम होंगे।

शहीदों की याद में स्मारक पट्टिका लगाई जाएंगी, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी का संदेश भी होगा। इसके अलावा तीनों सेनाओं के जवान देशभर की ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगे।

9 अगस्त को हर साल भारत छोड़ो आंदोलन दिवस मनाया जाता है। आज से 81 साल पहले इसी दिन महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था।

9 अगस्त को हर साल भारत छोड़ो आंदोलन दिवस मनाया जाता है। आज से 81 साल पहले इसी दिन महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था।



#### प्रधानमंत्री बोले- बापू के चलते अंग्रेजों को देश छोड़ना पड़ा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- 9 अगस्त की तारीख भारत के सबसे बड़े आंदोलनों की साक्षी रही है। 9 अगस्त को ही महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। बापू ने अंग्रजों को भारत छोड़ने के लिए कह दिया था। इसके बाद देश में जागरण का माहौल बन गया। आखिरकार अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा- आज प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के भारत छोड़ने का आह्वान किया है। अगर देश के लोकतंत्र को बचाना है तो इन बुराइयों को देश छोड़ना पड़ेगा।

#### देशभर की मिट्टी से गांव में बनेगी अमृत वाटिका

मेरी माटी- मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इसमें देशभर के गांवों से 7500 कलशों में मिट्टी दिल्ली लाई जाएगी। साथ ही यात्रा में देश के अलग-अलग हिस्सों से पौधे भी लाए जाएंगे। इस मिट्टी और पौधों से नेशनल वॉर मेमोरियल के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी। पीएम मोदी ने 30 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम में इस अभियान की घोषणा की थी।

#### आजादी का अमृत महोत्सव का समापन होगा

मेरी माटी- मेरा देश अभियान के साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का भी समापन हो जाएगा। इस अभियान की शुरुआत 12 मार्च, 2021 को हुई थी। इसके तहत देशभर में 2 लाख से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीएम ने कहा है कि मेरी माटी- मेरा देश कार्यक्रम से हमें देश की आजादी के लिए किए गए बलिदानों का एहसास होगा। इसलिए, हर देशवासी को इस अभियान में शामिल होना चाहिए।

#### आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का चौथा दिन


### सुब्रमण्यम बोले- यह व्यवस्था एक समझौता थी, इसे खत्म नहीं किया सकता




**नई दिल्ली।** आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। चौथे दिन बुधवार 9 अगस्त को याचिकाकर्ता मुज्जादार इकबाल खान की ओर से सीनियर एडवोकेट गोपाल सुब्रमण्यम सुबह 11 बजकर 25 मिनट से जिरह कर रहे हैं। इससे पहले तीन दिन 8, 3 और 2 अगस्त को एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलीलें दी थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि विलय के समय जम्मू-कश्मीर किसी अन्य राज्य की तरह नहीं था। उसका अपना संविधान था। हमारे संविधान में विधानसभा और संविधान सभा दोनों को मान्यता प्राप्त है। मूल ढांचा दोनों के संविधान से निकाला जाएगा। डॉ. अंबेडकर ने संविधान के संघीय होने और राज्यों को विशेष अधिकार की बात कही थी।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पास अनकंट्रोल्ड पावर नहीं है। आर्टिकल 370 के खंड 1 के तहत शक्ति का उद्देश्य आपसी समझ के सिद्धांत पर आधारित है।

### पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बिना चुनाव के लिए पाक संसद की जाएगी भंग

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वह समय से पहले नेशनल असेंबली भंग करने के लिए बुधवार को राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को



पत्र लिखेंगे. उनके इस कदम का मकसद साल के अंत में प्रस्तावित आम चुनावों के लिए अतिरिक्त समय पाना है. हालांकि इसमें देश के सबसे लोकप्रिय राजनेता इमरान खान शामिल नहीं होंगे. पिछले साल अप्रैल में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टार को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से देश में राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है. शरीफ ने इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''हमारी( सरकार का) कार्यकाल कल पूरा करने के बाद, मैं असेंबली भंग करने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखूंगा और इसकी सिफारिश करूंगा.. इसके बाद एक अंतरिम सरकार सत्ता संभालेगी.

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में कलेक्टर, विधायक पहुंचे आदिवासी सांस्कृतिक वेशभूषा में

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नवगठित सक्ती जिले के सामुदायिक भवन में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम में विविध आयोजन तथा विभिन्न हितग्राही मूलक सामग्री का वितरण किया गया। जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में कलेक्टर, विधायक सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और आदिवासीजन आदिवासी सांस्कृतिक वेशभूषा में पहुंचे। इसके साथ ही इस अवसर पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पलारीखुर्द तथा प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास सक्ती की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राजगीत के गायन तथा आदिवासी महापुरुषों को फूल और माला अर्पित कर की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव ने समस्त जिलेवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में आदिवासी महापुरुषों का विशेष योगदान रहा है और आज पूरा देश, प्रदेश और विश्व, आदिवासी दिवस के दिन को त्योहार के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने संस्कृति और परंपरा को कभी भी भूलना नहीं चाहिए। इसी प्रकार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचे सभी आदिवासी नागरिकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन नवगठित सक्ती जिले के लिए एक ऐतिहासिक दिन के रूप में है। क्योंकि आज जिले में विश्व आदिवासी दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के अवसर पर इतनी बड़ी संख्या में आज आदिवासीजन और जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित होकर इस दिन को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक वेशभूषा और आदिवासी सांस्कृतिक वेशभूषा प्रदेश की पहचान है। हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। कलेक्टर ने सभी आदिवासीजनो से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए बेहतर कार्य करने कहा। इसी प्रकार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चंद्रा ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति का उपासक है। जल, जंगल, जमीन की चिंता करने वाला और उसकी रक्षा करने वाले ऐसे समाज को मैं नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि कुछ अच्छा कार्य करता है तो इससे पूरा समाज गौरवान्वित होता है। इसलिए हर व्यक्ति को बेहतर कार्य करने का प्रयास जरूर करना चाहिए। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सक्ती से मिली जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम में वन अधिकार पत्र का वितरण, वन अधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राहियों को अभिसरण मद अंतर्गत भूमि समतलीकरण की स्वीकृति का वितरण, कृषि विभाग के तहत स्प्रिंकलर का वितरण, उद्यान विभाग अंतर्गत मुनगा, पपीता, कटहल के पौधों का वितरण, मत्स्य विभाग अंतर्गत जाल का वितरण, खेल पुरस्कार वितरण, नगर पालिका द्वारा बर्तन वितरण सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जांजगीर चांपा यनीता यशवंत चंद्रा, गीता देवांगन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सक्ती सुषमा जयसवाल, अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती राजेश राठौर, अध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा लखेश्वरी देवा लहरे, अध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा पत्रिका दयाल सोनी, अध्यक्ष नगर पंचायत डभरा प्रीतम अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य राम बाई सिदार, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय सिंह सहित आदिवासी समाज के विभिन्न सदस्य, विभिन्न गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र छात्राएं ग्रामीणजन और भारी संख्या में आदिवासीजन उपस्थित थे।




**जिला स्तरीय कार्यक्रम में हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र तथा हितग्राही मूलक सामग्रियों का किया गया वितरण**

# खुलेआम लहरा रहे देशी कट्टा, चाकू और तलवार, 2 दिनों में 8 आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर।** राजधानी में बदमाश बेखौफ होकर घूम रहे हैं। आम लोगों को लूटने धमकाने का काम कर रहे हैं। बदमाश शहर में देशी कट्टा, चाकू, तलवार जैसे धारदार हथियार पकड़कर घूम रहे हैं। ऐसे में अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। बदमाश लूट, डकैत, चोरी, पुरानी रंजिश पर मारपीट जैसे घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रायपुर में पिछले दो दिनों में लगभग 8 आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

रायपुर के अलग-अलग पुलिस थानों से लगातार अपराधिक घटनाएं देखने को मिल रही हैं। ऐसे में बीते दिनों ही पुलिस ने सबसे ज्यादा आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की कड़ी कार्रवाई के बाद भी अपराधी अपराध करने से बाज नहीं आ रहे हैं। गुंडा-बदमाश बेखौफ होकर आसपास के आम-जनो को डरा-धमकाकर लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। बीते दिनों पुलिस ने टिकरापारा थाने क्षेत्र में धारदार तलवार के साथ आरडीए कॉलोनी रायपुर निवासी आरोपी मोहम्मद रियाज खान को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 1 नग तलवार जब्त कर कार्रवाई की गई है।

### आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

खमतराई थाना पुलिस ने भनपुरी तिराहा पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डरते धमकाते धनलक्ष्मी नगर भनपुरी निवासी आरोपी सद्दाम हुसैन और अर्जुन सिंह उर्फ करण प्रताप को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 1-1 नग धारदार चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खमतराई थाना क्षेत्र में पुलिस ने दर्री तालाब के पास धारदार बटन वाला चाकू के साथ आरोपी शुभम साहू और आरोपी प्रेमसिंग साहू को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 1-1 नग धारदार चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

दूसरी ओर पुरानी विवाद को लेकर मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मारपीट का विडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने पतासाजी करके पकड़ा। पूछताछ पर बदमाशों ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई थी।

# भाजपा नेता खटकर पर लगा आरोप निकला निराधार,दबाव बनाकर बदनाम करने की कोशिश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



सारंगढ़ बिलाईगढ़ के भाजपा नेता अधिवक्ता अरविंद खटकर के खिलाफ धोबा राम साव निवासी बासनपाली तमनार द्वारा रायगढ़ थाने में 2 अगस्त को शिकायत पत्र दिया कि अरविंद खटकर पटवारी की नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख लिया था और मुझे रायपुर सौम्या चौरसिया सीएमओ एवं खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से मिलाया था। की बात अपने आवेदन में धोबा साव द्वारा दी गई। साव ने आवेदन में यह भी बताया कि 5 लाख रुपए राजू कुमार खुंटे निवासी रायपुर को दिया था। जिसके एवज में उसने आईसीआई सीआई बैंक का चेक 8 अगस्त 22 का दिया था। जो बाउंस हो गया। 19 अगस्त 22 को राजू खुंटे को धोबा साव द्वारा अपने वकील के माध्यम से नोटिस दिया गया। 27 दिसंबर 22 को अपने वकील के माध्यम से राजु खुटे के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया। उक्त आवेदन धोबा राम साव ने यह भी बताया कि 5 लाख अरविंद को राजेंद्र आदित्य कोसीर, भेषराम साहू बिलाईगढ़, अमरजीत पटेल चिरमिरी के समक्ष नगद दिया। धोबा राम साव का यह कथन झूठ का पुलिंदा है क्योंकि तीनों साक्षी अलग-अलग स्थानों के निवासी हैं। विदित हो कि रायगढ़ थाना से सूचना के अधिकार के तहत इस मामले के कागजात निकाले जाने पर सत्य सामने आया है कि धोबा राम साव ने अपने कथन में कहा कि 2022 में मेरे परिचय के राजू खुटे को 5 लाख घरेलू कार्य के लिए दिया था। वापस मांगने पर आनाकानी करने लगा, राजू ने 5 लाख का चेक दिया। जो बाउंस हो गया। मैं राजू खुटे के खिलाफ वाद दायर किया। राजू खुटे मेरा पैसा वापस दे दिया है, मैं अपनी शिकायत वापस लेता हूं। साथ-साथ परिवाद को भी वापस लूंगा। इस मामले में राजू का कथन है कि मैं होटल चलाता हूं और अमरजीत पटेल मेरा पार्टनर था। होटल में नुकसान होने से अमरजीत पटेल को पार्टनर से निकाल दिया और धोबा से मेरे द्वारा 5 लाख उधारी लिया गया था। चेक बाउंस होने से मेरे खिलाफ वाद चल रहा है। अमरजीत पटेल के कहने से मेरे खिलाफ नौकरी लगवाने के नाम से मनगढ़ंत शिकायत लिखकर दिया। जिसमें अरविंद खटकर का भी नाम जोड़ दिया गया। यह सब अमरजीत पटेल के कहने पर हुआ था। रायगढ़ थाना में अरविंद खटकर ने अपना बयान दिया कि मैं भाजपा जिला अजा मोर्चा का उपाध्यक्ष हूं। राजू खूटे के खिलाफ तमनार निवासी धोबा साव ने नौकरी लगाने के नाम पर शिकायत प्रस्तुत किया। मेरे द्वारा धोबा साव से संपर्क करने पर बताया कि मुझे अमरजीत पटेल एवं सारंगढ़ के कुछ लोगों के द्वारा दबाव बनाकर अरविंद खटकर का नाम बदनाम करवाने के लिए डलवाया गया। खटकर ने बताया कि यह शिकायत फर्जी है और मैं धोबा साव के खिलाफ न्यायालय में मानहानि का दावा करूंगा। शिकायतकर्ता धोबा राम साव आत्मज कार्तिक राम साव निवासी ग्राम बासनपाली तहसील तमनार ने रायगढ़ समक्ष नोटरी रायगढ़ छग शपथ पत्र के माध्यम से बताया कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं यह कि मेरे द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़ को एक शिकायत पत्र दिया गया था जिसमें अरविंद खटकर निवासी सारंगढ़ का नाम भी उल्लेख किया था। क्योंकि अरविंद खटकर से मेरा किसी प्रकार का पैसे का लेनदेन नहीं था। यह की सारंगढ़ के ही कुछ लोगों द्वारा अरविंद खटकर का नाम से शिकायत करने हेतु बोलने पर अमरजीत पटेल के द्वारा एक आवेदन टाइप करवा कर मेरा हस्ताक्षर करवा कर शिकायत करवाना बोलने पर मैं शिकायत किया था। यह कि बाद में मुझे पता चला कि अरविंद खटकर से राजनीतिक द्वेष के कारण मेरे द्वारा अरविंद खटकर का नाम शिकायत पत्र में जोड़कर दिलवाया गया है। यह की पैसे के लेनदेन में अरविंद खटकर से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। मैं यह शपथ पत्र बिना किसी भय और दबाव में अपने होश व हवाश से लिख रहा हूं। अरविंद खटकर के राजनीति कैरियर को बर्बाद करने वाले जो भी शख्स हैं। जो रहने के लिए पर्दे के पीछे हैं। लेकिन 2 अगस्त एसपी कार्यालय के सीसी कैमरे का फुटेज निकाल कर देखने से उन पर्दा नविशों को बेपर्दा किया जा सकता है।

# एक नजर

## तहसील कार्यालय भटगांव में हुआ सामूहिक पौधारोपण और मतदान शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत तहसील कार्यालय भटगांव में तहसीलदार, कोटवार सहित राजस्व अमला के अधिकारी कर्मचारी और अन्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से मतदान करने की शपथ ली। इसके साथ ही तहसील कार्यालय परिसर में सामूहिक पौधारोपण भी किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा में संविदा भर्ती हेतु 17 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा में कार्यालय सहायक/क्लर्क, रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर, टायपिस्ट और कार्यालय भृत्य मुंशी-अटेन्डेट की संविदा भर्ती हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ 495668 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट, स्पीड पोस्ट, कोरियर से अंतिम तिथि 17 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन/जांजगीर से विज्ञापन की विस्तृत जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।

## कोसीर क्षेत्र के आंगनबाड़ी में भर्ती के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कोसीर परियोजना के ग्राम सुवरगुड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम उधरा में आंगनबाड़ी मिनी कार्यकर्ता और ग्राम रक्शा, खैराछोटे, छतौना, अमलीपाली-अ में आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्त किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 10 अगस्त 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, कोसीर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कार्यालयीन दिवस और समय पर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी कार्यकर्ता पद हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस भर्ती में विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा महिलाओं को 15 अंक अतिरिक्त दिया जाएगा।


## जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर चांपा में भर्ती हेतु 17 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर चांपा में स्टेनोग्राफ र-हिंदी और अंग्रेजी, सहायक ग्रेड 3 के समकक्ष पद सेल अमीन, सहायक प्रतिलिपिकार, आदेशिका लेखक, साक्ष्य लेखक, सहायक अभिलेखापाल और आकस्मिकता निधि के कर्मचारी, स्वीपर, चौकीदार, वाटरमेन, वाहन चालक और कोर्ट मैनेजर के अमला में स्टेनोग्राफ र, लिपिक और चपरासी की संविदा भर्ती हेतु कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ 495668 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट, स्पीड पोस्ट, कोरियर से अंतिम तिथि 17 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन/जांजगीर से प्राप्त की जा सकती है।

## एक्स जज के खिलाफ भाईयों ने दर्ज कराया 420 का मामला, पहुंची जेल

**रायपुर।** रिटायर्ड जज अंजू गुप्ता और उसके भाई के खिलाफ उनके ही भाई ने धारा 420 समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है, जिसके बाद वे जेल पहुंच गई है. पूरा मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है। थाने में एफआईआर अनिल गुप्ता की ओर से दर्ज कराई गई है, जो पूर्व जज अंजू गुप्ता का भाई है. अनिल गुप्ता ने अपनी ही बहन और भाई आनंद गुप्ता पर ये आरोप लगाए है कि दोनो ने मिलकर घर की प्रापर्टी के कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और दोनो ने अपने मृतक भाई की प्रापर्टी में गलत तरीके से एफिडेविट दिया और ये कहा कि उनके कोई और भाई-बहन नहीं है. जबकि वे कुल 5 भाई और 5 बहन है. प्रार्थी अनिल गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने पूर्व जज अंजू गुप्ता और उसके भाई आनंद गुप्ता के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत मामला दर्ज किया है. हालांकि ये एफआईआर 2 अगस्त को दर्ज हुई है, लेकिन ये बाद मीडिया से पूरी तरह छिपा ली गई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उनके परिवार के प्रापर्टी का लंबा विवाद है. सूत्रों का दावा है कि इनके खिलाफ आरंग थाने में भी प्रापर्टी के विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज है।



# बरमकेला में आज और कल होगा प्लेसमेंट कैम्प

## विशवसनीय एसआईएस निजी सुरक्षा कंपनी में होगी भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से नि:शुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत बरमकेला में 10 और 11 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया गया है। भर्ती में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दसवीं, बारहवीं अंकसूची की फ टोकॉपी, 2 पासपोर्ट फोटो लाना होगा। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वीं पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक-बीए, बीएससी, बीकॉम उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी। जिले के बिलाईगढ़ में यह कैंप 14 और 16 अगस्त को होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त तक होगा। इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी स्थानों में एसआईएस इंडिया कम्पनी की सेवा पूर्व से अब तक संचालित है। चयनित युवाओं को नौकरी में वेतन के साथ पीएफ आदि दी जाएगी। एसआईएस इंडिया कंपनी के ड्यूटी के बाद वेतन के संबंध में बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल रायपुर में कार्य कर रही सुरक्षा जवान से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वो पिछले छह माह से इस कंपनी में कार्यरत है। पीएफ काटने के बाद उनका वेतन प्रतिमाह 10 तारीख को निश्चित रूप से उनके खाते में ऑनलाइन आ जाता है।

# राजमहल सक्ती से निकली सर्व आदिवासी समाज की रैली

## विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ भव्य रैली का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



सर्व आदिवासी समाज सक्ती जिला के तत्वाधान में सक्ती राजा धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में मालखरौदा राजा कुमार जिवेन्द्र बहादुर सिंह के साथ हजारो की संख्या मे सर्व आदिवासी समाज की भव्य रैली निकली जहां सक्ती जिला के समस्त आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए रैली राजमहल सक्ती से चलकर कचहरी चौक होते हुए गोड़वाना भवन कंचनपुर तक चली जहां बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर पुन: जवाहर लाल नेहरू महाविद्याल कालेज तक रैली का समापन हुआ जहा भोजन व्यवस्था की गई थी राजा धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम समाज के अतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचे एंव समाज को आगे बढ़ाने के विषयों पर कार्य करें हमारा समाज हर क्षेत्र मे प्रगति की ओर अग्रसर हो साथ ही हम सब एकजुट होकर चलें साथ ही उन्होंने आज के कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी समाजिक बंधुओं बच्चों युवा बुजुर्ग महिलाओं समाजिक पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं को सफल कार्यक्रम की बधाई दी सर्व आदिवासी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासन मे बैठे कुछ अधिकारियों के द्वारा समाज के आयोजन को रोकने का प्रयास किया गया हमारे कार्यक्रम को निरस्त करने का दबाव बनाया गया जिस से आदिवासी समाज मे आक्रोश है हमारा समाज अब दबने वाला नही है जब जब हमारे समाज को दबाने का प्रयास किया जायेंगा तब तब हम और मजबूती के साथ और जोर-शोर के साथ कार्यक्रम करेंगे मालखरौदा कुमार जिवेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि हम सभी भविष्य में भी एक साथ समाज के उत्थान के लिए समाज के प्रगति के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे समाज के रैली मे सिदार जगत गोड़ भैना उरांव धनवार सौरा सहित सभी आदिवासी समाज के लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष छोटेलाल सिदार चन्द्र शेखर सिदार अवध राम सिदार समुंद राम सिदार जयसिंह मरकाम हरपाल सिंध योगेश राजवाड़े कृष्णा सिंह जगत रति सिदार सीताराम सिदार बसंत गोड़ भूपेंद्र सिंह देव एच एल माझी बजरंग अजय सिंह सिदार दिगविजय सिदार सहित हजारों की संख्या मे समाज के लोग उपस्थित रहें। सर्व आदिवासी समाज ने मणीपर की घटना पर आक्रोश जताया और कहा कि हमारे आदिवासी समाज के भाई बहनों के साथ दरिंदगी करने वालो को फांसी की सजा दी जाए।

# समृद्ध आदिवासी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य कर रही शासन-उच्चा शिक्षामंत्री उमेश पटेल

## हितग्राहियों को हुआ वन अधिकार पत्र वितरण, सांस्कृतिक दलों को दी गई सहायता राशि

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य शासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हमारे प्रदेश की समृद्ध आदिवासी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश घोषित किया है। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना से उत्सवों व त्योहारों को संरक्षित करने के उद्देश्य से अनुसूचित क्षेत्रों के प्रत्येक पंचायत को 10 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। देवगुड़ी विकास के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया है। इसके साथ वन अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन कर वन अधिकार पत्र दिए जा रहे है। जिससे उन्हें भू-स्वामित्व का लाभ मिल रहा है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर वनोपज की खरीदी का दायरा बढ़ाने के साथ कीमतों में भी वृद्धि की है। जिसका लाभ वनांचल में रहने वाले संग्राहक परिवारों को मिल रहा है। शासन की योजनाओं से अनुसूचित क्षेत्रों में रोजगार सृजन के कार्य किए जा रहे है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुपोषण के क्षेत्र में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया ने सभी को आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आदिवासी संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ाने का निरंतर कार्य कर

*** मेधावी छात्रों के साथ खेल प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

*** विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**

रही है। उन्होंने देवस्थलों के संरक्षण एवं देवी-देवताओं को संरक्षित करने के लिए बजट दिया, जो सराहनीय कार्य है। खेलकूद के माध्यम से भी आदिवासियों को आगे बढ़ा रही है। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र भी सरलता से बन रहे है। रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन आदिवासी वर्गों के खुशहाली एवं तरक्की की दिशा में सतत रूप से प्रयासरत है। जिसके तहत आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार संवर्धन के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। जिसका सीधा फायदा उनके जीवन पर पड़ रहा है और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि आदिवासियों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में शासन लगातार कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन की अनेक योजनाओं से आदिवासी समाज के सभी वर्गो को लाभ मिल रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि राज्य शासन आदिवासियों के अधिकारों के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। राज्य शासन की योजनाओं के साथ प्रशासनिक प्रयासों से इन क्षेत्रों में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण तथा उसे बढ़ावा देने, वन अधिकार पट्टा वितरण के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, जल और पर्यावरण संरक्षण व रोजगार संवर्धन के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। आदिवासियों की विशिष्ट संस्कृति को बचाये रखने के लिए गांवों की सांस्कृतिक दलों को आवश्यक सामग्री की व्यवस्था हेतु 10 हजार रुपये तक की राशि दी जाती है। पिछले चार वर्षो में 156 दलों को 15 लाख 60 हजार रुपये दिए गए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों में स्थानीय उत्सवों व त्यौहारों के साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए 10 हजार रुपये की राशि दिए जाने का प्रावधान है। अनुसूचित क्षेत्रों के 377 ग्राम पंचायत को प्रथम किश्त के रूप में 18 लाख 85 हजार रुपये की राशि दी गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में पारा, मजरा, टोलों में देवस्थल के विकास हेतु राशि स्वीकृत की जाती है। इसके अंतर्गत अब तक 75 देवगुड़ी हेतु 85 लाख 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त आदिवासी विकास विभाग बी.के.राजपूत सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं आदिवासी समाज के प्रमुखगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

### वन अधिकार पत्रों का हुआ वितरण




विश्व आदिवासी के अवसर पर वन अधिकार पत्रों का वितरण किया गया। जिसमें 342 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 5 सामुदायिक वन अधिकार पत्र तथा 3 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र हितग्राहियों को वितरित किए गए।

### मेधावी छात्र हुए सम्मानित

विश्व आदिवासी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10 वीं शास.उ.मा.वि. कुड़ेकेला धरमजयगढ़ की तनुजा राठिया 93.3 प्रतिशत, कक्षा 10 वीं शास.उ.मा.वि. पुटकापुरी पुसौर के आकाश पन्ना 85 प्रतिशत, कक्षा 12 वीं शा.उ.मा.वि. कांटाहरदी रायगढ़ के टिकेश्वर सिदार 94.6 प्रतिशत तथा कक्षा 12 वीं शास.उ.मा.वि. कांटाहरदी रायगढ़ की तान्या सिदार 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

### आदिवासी सांस्कृतिक दलों को मिली सहायता राशि

विश्व आदिवासी के अवसर पर आदिवासी सांस्कृतिक दलों को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई। इनमें गणेश चौक करमा पार्टी कचकोबा, जय मां समलाई करमा पार्टी बरमुड़ा खाल्हेपारा देवगढ़, जय ठाकुर देव करमा पाटी गुरदा, गेड़ी नृत्य करमापार्टी छीरपानी, कर्मा पार्टी ढोढ़ागांव, कर्मा पार्टी जमाबीरा, स्व.चनेश राम राठिया कर्मा पार्टी पोरडा, कर्मा नृत्य समूह फगुरम, युवा करमा पार्टी खड़ेआमा एवं कर्मा पार्टी बड़ापारा सोनाजोरी शामिल थे।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्तर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें 3 उत्कृष्ट विजेता प्रतिभागियों को विश्व आदिवासी के अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 11 वीं स्वामी आत्मानंद विद्याललय तमनार गोढ़ी की संजना चक्रवती-प्रथम, कक्षा 10 वीं स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोड़ातराई की योगिता पटेल-द्वितीय एवं कक्षा 11 वीं शा.स्वामी आत्मानंद कन्या विद्यालय घरघोड़ा की शुभी भुइयां-तृतीय स्थान पर रही।

### राष्ट्रीय खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मिला सम्मान

राष्ट्रीय खेल सत्र 2022-23 में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 12 वीं धरमजयगढ़ से धनेश्वरी राठिया, कक्षा 12 वीं लैलूंगा से अनिता सिदार एवं रेशमा पैंकरा, कक्षा 9 वीं लैलूंगा से डाली सिदार, कक्षा 11 वीं लैलूंगा से देवेश्वरी राठिया एवं कक्षा 8 वीं लैलूंगा से सीता तिर्की शामिल थी।

---

**एक नजर**

# बच्चों में गंभीर रोगों के कारक कृमि को नष्ट करने के लिए आज खिलाई जाएगी दवा

## 10 अगस्त राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में आज जिले में बच्चों के शरीर को कृमि मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी सरकारी, निजी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों में 1 वर्ष से लेकर 19 वर्षीय तक के बालक-बालिकाओं को शत् प्रतिशत कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाई जाएगी। दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्वास्थ्य कर्मियों, बिहान के समूहों, पंचायत कर्मियों और अन्य सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से अभियान के दौरान शत-प्रतिशत बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाकर कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाई जाएगी।

### दवा खिलाने के पूर्व सावधानियां-

दवा खिलाने के पूर्व दवा की एक्सपायरी डेट की जांच की जाए और बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। यदि पूर्व से किसी बीमारी के इलाज के लिए कोई दवा खा रहे हो, तो उन्हें कृमिनाशक दवा नहीं खिलाई जाए। किसी भी बच्चें को जबरदस्ती दवा नहीं खिलाई जाए।

### दवा सेवन-

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने बताया कि 10 अगस्त को 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 200 मिलीग्राम या आधी गोली, 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 400 मिलीग्राम या 1 गोली, खाने के बाद सुपरवाइज डोज अर्थात दवा वितरक 1 से 3 वर्ष के बच्चों को पीसकर तथा 3 से 19 वर्ष के बच्चों को चबा कर अपने समक्ष ही खिलाई जावे तथा जो बच्चें 10 अगस्त को दवा लेने से वंचित हो जाए उन्हें माप अप राउंड के तहत 17 अगस्त को अनिवार्य रूप से दवा सेवन कराई जावे। ड्यूटी में तैनात कर्मी दवा का सेवन अपने सामने खिलाएं। किसी भी परिस्थिति में दवा बच्चों या उनके पालकों को घर ले जाने के लिए नहीं दी जाए। दवा को बच्चों को पूरा चाबकर खाना है। किसी बच्चे के गले में अटक जाए तो बच्चों को अपनी गोद में छाती के बल लिटाकर पीठ में हल्के से थपथपाएं जिससे गले में फंसी गोली नीचे गिर जाए।

### दवा खिलाने के बाद-

जिन बच्चों के शरीर में कृमि होंगे, उनके दवा खाने के बाद सामान्य प्रतिकूल प्रभाव जैसे पेट में हल्का दर्द, उल्टी, दस्त, थकान हो सकती है। ऐसे में उन्हें हवादार स्थान में आराम करने की व्यवस्था की जाए और पानी पिलाई जाए। ड्यूटी में तैनात कर्मी ऐसी स्थिति में अपने कन्ट्रोलिंग अधिकारी और नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र को सूचित करें। इसकी सूचना टोल फ्री नंबर 18001803024 पर भी दी जा सकती है।

### कृमि सामान्य बीमारी नहीं, कई गंभीर रोगों का कारण भी है-

खंड चिकित्सा अधिकारी बरमकेला डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने कृमि संक्रमण के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही संक्रमण पेट मे पहुंचता है लोगों को दस्त होता है, जब कृमि विकसित होकर रक्त में पहुंचता है तो रक्त कोशिकाओं का शिकार करता है जिससे रक्ताल्पता होती है। आगे जब संक्रमण फेफड़ा में पहुंचता है, तब निमोनिया और मष्तिस्क में पहुंचकर झटके आदि बीमारी के कारण बनते है।

# 9 सितम्बर 2023 को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

**कोरबा ।** नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आगामी 09 सितम्बर 2023 को नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जिला सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा श्री डी.एल. कटकवार द्वारा मोटर दुघर्टना दावा प्रकरणों के राजीनामा हेतु बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक/अधिवक्तागणों की बैठक ली गई।

उक्त बैठक में बीमा कंपनी के अधिकारी श्री खगेश कुमार साहू, यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेन्स कंपनी, श्रीमती सुधा दुबे एवं किरण न्यू इंडिया इंश्योरेन्स कंपनी कोरबा, बीमा कंपनी के अधिवक्ता श्री संतोष मोदी, श्री संजय जायसवाल, सी.बी. राठौर, महेन्द्र अग्रवाल, संतू प्रसाद साहू, राजकुमार यादव, श्रेष गुप्ता, सुमन तिवारी, सुनील यादव, राधा साहू, एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित हुए। बीमा कंपनी के अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित कर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गए।

---

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिले में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

## 0-नोडल अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश 0-शिलापलकम, पंचप्राण, वसुधा वंदन जैसे कार्यक्रमों से जुड़ेंगे जिलेवासी

**कोरबा ।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिले में 09 अगस्त से 30 अगस्त तक शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के लिए विभाग द्वारा तैयारी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। विगत दो वर्षो से चल रहे इस कार्यक्रम का समापन मेरी माटी मेरा देश अभियान के रूप में होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े वीरों का सम्मान करना जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना आज त्याग दिया। वीरों के सम्मान में कर्तव्य पथ दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और एक अमृत वाटिका निर्मित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन पूरे जिले में गरिमा के साथ संपन्न होगा और इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 9 से 15 अगस्त तक पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्यक्रम होंगे। 12 से 20 अगस्त तक जनपद स्तर के कार्यक्रम, 21 से 26 अगस्त तक स्थान की पहचान, कर्तव्य पथ पर स्मारक निर्माण 27 से 28 अगस्त युवा दल का दिल्ली पहुंचना एवं 29 से 30 अगस्त कर्तव्य पथ पर अंतिम कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानमंत्री द्वारा अमृत वाटिका में पौधारोपण करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव स्मारिका को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम के लिए जिला स्तर से लेकर विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर ली गई है एवं संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के दौरान शिलापलकम (शिला पट्टिका) की स्थापना की जाएगी, जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों वीरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिन्होंने अपना बलिदान दिया, देश की रक्षा से जुड़े हुए जवानों और केंद्रीय अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस बल से जुड़े हुए जवानों ने जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी उनका नाम इस शिलापलकम में रहेगा। इस शिलापलकम का लोकार्पण अगस्त महीने में 9 से 15 अगस्त 2023 के मध्य प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का गायन होगा और इसमें प्रधानमंत्री द्वारा दिया गए संदेश उल्लेखित होगा। शिलापलकम की स्थापना महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर के पास की जाएगी तथा जिन ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर नहीं है वहां पर पंचायत भवन अथवा शाला भवनों में किया जाएगा। श्री विश्वदीप ने बताया कि इसी तरह पंचप्राण की शपथ एवं सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले मुट्ठी भर मिट्टी या मिट्टी का दिया हाथ में लेकर पंचप्राण की शपथ लेंगे। उन्होंने बताया कि वसुधा वंदन कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। जिसमें ग्राम पंचायत के द्वारा 75 पौधों का रोपण किया जाएगा यह पौधरोपण 75 साल के स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायतों में होगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा नर्सरी के माध्यम से पौधों की व्यवस्था की जाएगी।

---

# समलाई मंदिर प्रांगण में चल रहे सवामासी अखंड नमः शिवाय जाप में पहुंची एमडब्लुएस की टीम

## संध्या शिव आरती में शामिल होकर शहर की सुख, शांति व समृद्धि हेतु की मंगलकामना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





बीते चार हफ्ते से धर्म रक्षा समिति और हिंद सेवक समिति के सामूहिक तत्वाधान में राजा महल के समीप माता समलाई मंदिर प्रांगण में चल रहे अखंड नमः शिवाय महामंत्र के जाप कार्यक्रम के 25 पच्चीसवें दिवस मॉर्निंग वॉकर्स सोसाइटी के दर्जनभर से अधिक सदस्य पूजन स्थल पहुंचे और हजारों रुद्राक्ष से निर्मित अद्भुत शिवलिंग के दर्शन कर रायगढ़ सहित पूरे छ.ग. की खुशहाली और सुख समृद्धि हेतु मंगलकामना की। दर्शन उपरांत एमडब्लूएस के सभी सदस्य भगवान महादेव की संध्या में होने वाली शिव आरती में भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस दौरान एमडब्लूएस के सदस्यों ने श्रावण के पवित्र मास में इस महान और अद्भुत धार्मिक कार्यक्रम हेतु आयोजन समिति के कार्यक्रम संयोजक विकास केडिया, सह संयोजक सी वी शर्मा सहित सभी शिवभक्त सदस्यों की खूब सराहना की और कहा कि आयोजन समिति के सभी सदस्यों को इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन के लिए पूरे रायगढ़ को ओर से साधुवाद है जिन्होंने शिवभक्ति की एक ऐसे गौरवशाली परंपरा की शुरुआत की है जिससे आज समूचा रायगढ़ ही शिवमय हो गया है और शहर के अमंगल को हरने का महान कार्य किया है। इस दौरान आरएसएस के विभाग प्रचारक माननीय राजकुमार सहित एमडब्ल्यूएस की ओर से मुख्य रूप से राजेश अग्रवाल पिंटू, दीपक डोरा, संजय खमखा, शिव बापोडिया, चंद्रकांत पंजाबी, प्रमोद अग्रवाल चरक, मनोज अग्रवाल, अनिल गर्ग, कैलाश अग्रवाल तुलसी, पुरुषोत्तम अग्रवाल पी. डी, राजेश अग्रवाल एवं आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम संयोजक भाई विकास केडिया, सौरभ अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल चरक, रमेश सुमन, थवाईत एवं रायगढ़ के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

---

# प्रधानमंत्री के आगमन और मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण के कार्यों को लेकर पुसौर मंडल की बैठक संपन्न

## गुरूपाल भल्ला ने ली मैराथन बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आगामी 17 से 19 अगस्त की संभावित तिथि में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आगमन रायगढ़ के कोड़ा तराई हवाई पट्टी में लगभग तय माना जा रहा है, उनके आगमन को लेकर जहां प्रशासनिक अमला अपनी तैयारियों में जुटा है वही भारतीय जनता पार्टी ने भी लगभग 1.25 लाख आमजनों की पहुंचने की उम्मीद की है। प्रधानमंत्री अपने आगमन के पश्चात सर्वप्रथम एनटीपीसी लारा के विस्तार एवं श्रमिकों के लिए सर्व सुविधा युक्त ई एस आई हॉस्पिटल का लोकार्पण करेंगे वही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को संबोधित भी करेंगे। इसी कार्यक्रम को लेकर एवं पिछले 2 अगस्त से 31 अगस्त तक छत्तीसगढ़ में में मतदाता पूनर्निरीक्षण का कार्य आरंभ किया गया है आगामी विधानसभा एवं 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने इस पर अपने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर में लगाकर ज्यादा से ज्यादा नवीन मतदाताओं को जोड़ने का संकल्प किया है, इसी दोनों कार्यक्रमों को लेकर पार्टी के निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गुरुपाल भल्ला ने आज पुसौर मंडल की अपेक्षित कार्यकर्ता की बैठक ली जिसमें पुसौर मंडल के कार्यकर्ता मोदी की सभा से इतने उत्साहित है कि उन्होंने संकल्प लिया की जिला संगठन हैं उस कार्यक्रम में जितना टारगेट देगा हम लोग उनसे ज्यादा संख्या में वहां आम जनता को लेकर पहुंचेंगे, क्योंकि देश के लाडले प्रधानमंत्री को देखने एवं सुनने के लिए सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं वरन् आमजनता भी उत्सुक है। आज की इस व्यवस्था हेतु बैठक में गुरुपाल भल्ला के साथ वरिष्ठ नेता सुनील रामदास, गौतम अग्रवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष विकास केडिया, मंडल प्रभारी अरुण कातोरे, जिला पंचायत सदस्य गोपिका गुप्ता, मंडल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता, रतिंद्र राय, राजदीप स्याल भी मौजूद रहे।



## जेलर ने नए पोस्टर में रजनीकांत और शिवराजकुमार एक फ्रेम में आए नजर



सुपरस्टार रजनीकांत जेलर के साथ वापसी कर रहे हैं। वह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में लगे हुए हैं। जेलर एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है,जिसमें वह एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी की भूमिका निभाते हैं, जो एक बड़े गिरोह को रोकने के लिए निकलता है और अपने परिवार की हर समय रक्षा करता है।

फिल्म के नए पोस्टर में रजनीकांत और शिव राजकुमार ब्लैक एंड व्हाइट फ्रेम में बेहद दमदार लग रहे हैं। फिल्म का पोस्टर सन पिक्चर के एक्स हैंडल पर आया है।

जेलर के ट्रेलर में रजनीकांत पूरी तरह से कबाली मोड में नजर आए। इस फिल्म में उनकी पत्नी का किरदार अनुभवी अभिनेत्री राम्या कृष्णन ने निभाया है।

## सुष्मिता सेन की वेब सीरीज ताली का ट्रेलर जारी, अभिनेत्री के दमदार अवतार ने जीता दिल



अभिनेत्री सुष्मिता सेन पिछले काफी समय से वेब सीरीज ताली को लेकर चर्चा में है। जब से इससे उनकी झलक सामने आई है, प्रशंसक इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं।उन्होंने पहले ही उनकी इस सीरीज को सुपरहिट बता दिया है। इसमें सुष्मिता एक ट्रांसजेंडर (किन्नर) की भूमिका में नजर आएंगी और इसी वजह से वह चारों ओर चर्चा में हैं।अब इस बहुचर्चित सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से था। सुष्मिता ताली में ट्रांसजेंडर गौरी सावंत की भूमिका में दिख रही हैं और उनका यह धाकड़ अवतार देखने लायक है। लगता है वह फिर दर्शकों को अपना मुरीद बनाने के लिए तैयार हैं।सुष्मिता का अभिनय देख यह कहना गलत नहीं होगा कि उन्होंने गौरी की जिंदगी के हर पल को पूरे दिल से जिया है।उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रेलर साझा कर लिखा, गौरी आ गई है अपने स्वाभिमान, सम्मान और स्वतंत्रता की कहानी लेकर। ताली बजाएंगे नहीं, बजवाएंगे। रवि जाधव के निर्देशन में बनी ताली में सुष्मिता सेन, गौरी सावंत के रोल में हैं। ट्रेलर की शुरुआत सुष्मिता सेन के यंगर वर्जन से होती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल लाइफ तक तो सब ठीक होता है। लेकिन समस्या तब आती है, जब वह कॉलेज जाती है। अब उसके लिए अपनी पहचान को छुपा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है। उसे बहुत ताने सुनने पड़ते हैं। लेकिन अंत में वो अपने दिल की सुनती है और अपने वजूद के लिए लड़ती है। गौरी सावंत पेशे से सोशल वर्कर हैं, जो कई वर्षों से किन्नरों के हितों के लिए काम कर रही हैं। उनका जन्म गणेश नंदन नाम के साथ हुआ था। उन्होंने अपनी जिंदगी में काफी उतार चढ़ाव देखे। गौरी अपने बारे में जानती तो थीं, लेकिन वह चाहकर भी पिता को बताने की हिम्मत नहीं कर पाईं। हालांकि, पिता की शर्मिंदगी का कारण न बनने के लिए गौरी ने घर छोड़ दिया था। हमसफर ट्रस्ट की मदद से खुद को बदला, और वह बन गईं गणेश नंदर से गौरी सावंत। गौरी ने नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (ह्वस्ह्र) में काफी अहम भूमिका निभाई थी। यह 2013 में फाइल किया गया केस था, जिसमें 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने फाइनल वर्डिक्ट सुनाते हुए ट्रांसजेंडर्स को थर्ड जेंडर करार देने का आदेश दिया था।

## संगीन में नवाजुद्दीन के साथ अभिनय को लेकर उत्साहित हैं एलनाज नोरोजी

बॉलीवुड में अपनी प्रतिभा से जगह बनाने वाली ईरानी मूल की अभिनेत्री एलनाज नोरोजी ने कहा कि वह नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ दूसरी बार फिल्म संगीन में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अपने पहले शो सेक्रेड गेम्स से सभी को प्रभावित करने वाली एलनाज धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। अभिनेत्री, जो अगली बार मेड इन हेवन सीजन 2 में दिखाई देंगी, इस शो के लिए बहुत उत्साहित हैं।

अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए एलनाज ने कहा, मैं जल्द ही नवाजुद्दीन के साथ संगीन नामक फिल्म में नजर आऊंगी। तेलुगु फिल्म डेविल में एक डांस नंबर है। एक बॉलीवुड फिल्म में एक विशेष भूमिका है। श्रृंखला अगले महीने आ रही है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं अपने प्रशंसकों का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझे अपने देश और बॉलीवुड जगत में स्वीकार किया है।

मेड इन हेवन सीजन 2 में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझसे मिलने के बाद जोया ने मेरा किरदार बदल दिया। पहले उसने एक भारतीय किरदार लिखा था लेकिन मुझसे मिलने के बाद उसने कहा कि मैं तुम्हारा किरदार बदलना चाहती हूं। क्योंकि मैं ईरान से हूं। , तो यह काम कर गया। इस किरदार को निभाना मजेदार था क्योंकि कुछ जगहों पर मैं इस किरदार से मेल खाता था और कुछ जगहों पर मैं उससे बिल्कुल अलग था। कुछ चीजों पर अभिनय करना आसान था जबकि कुछ मुश्किल थे। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं मेरे किरदार पर लोगों की प्रतिक्रिया।

अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा- मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका सोनी लिव के शो चुट्ज़पा में जंगली तितली सारा खान की रही है। मुझे इस किरदार के लिए कैमरे को लुभाना पड़ा।



## रणवीर और आलिया की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बनी 100 करोड़ी



करण जौहर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब सर्वोत्कृष्ट बॉलीवुड रोमांटिक कॉमेडी की बात आती है तो उन्हें निर्विवाद राजा क्यों कहा जाता है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, जो सात वर्षों के बाद निर्देशक के रूप में केजेओ की वापसी का प्रतीक है, ने केवल 10 दिनों में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, और फिल्म निर्माता के पास जश्न मनाने के सभी कारण हैं। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जनता के बीच हिट साबित हुई है, और अपने दूसरे सप्ताहांत में भी दोहरे अंकों में आंकड़े, फिल्म के प्रति लोगों के प्यार का प्रमाण है। प्राप्त कर रहा हूँ. रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन जैसे दिग्गज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सोमवार को निर्माताओं ने घोषणा की कि फिल्म अब आधिकारिक तौर पर 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो गई है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने बॉक्स ऑफिस पर 11 करोड़ रुपये से ज्यादा की धमाकेदार शुरुआत की और अपने पहले वीकेंड में इसने 45 करोड़ रुपये से कुछ ज्यादा की कमाई की. अपने दूसरे सप्ताह में कोई नाटकीय रिलीज नहीं होने और सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ, फिल्म सुचारू रूप से चली और सिनेमा हॉल में कैश रजिस्टर में धूम मचा दी। अपने दूसरे रविवार को, जो फिल्म का 10वां दिन भी था, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने 13.50 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की, और इसके साथ, फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 105.08 करोड़ रुपये हो गया है।

## फिल्म जवान का नया पोस्टर जारी, शाहरुख खान का दिखा धाकड़ अवतार



मौजूदा वक्त में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान अपनी आने वाली फिल्म जवान को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।कुछ दिनों पहले फिल्म का पहला गाना जिंदा बंदा रिलीज हुआ था, जिसे सोशल मीडिया पर भरपूर प्यार मिल रहा है। अब निर्माताओं ने जवान पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें शाहरुख हाथ में बंदूक लिए धांसू अवतार में नजर आ रहे हैं।जवान 7 सितंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शाहरुख ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर जवान का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मैं अच्छा हूं या बुरा हूं... पता लगाने के लिए 30 दिन। तैयार रहें। जवान दुनिया भर में 7 सितंबर, 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।जवान का निर्देशन एटली कुमार ने किया है। इसमें शाहरुख के साथ नयनतारा नजर आएंगी।

## अनुपम खेर की द फ्रीलांसर का ऐलान, 1 सितंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी वेब सीरीज




बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी पहली वेब सीरीज द फ्रीलांसर का ऐलान कर दिया है। इसका निर्देशक नीरज पांडे द्वारा किया जा रहा है।द फ्रीलांसर में अनुपम के अलावा कश्मीरा, सुशांत सिंह, मंजरी फडनीस और मोहित रैना जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।निर्माताओं ने सीरीज की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। द फ्रीलांसर का प्रीमियर 1 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा। द फ्रीलांसर का टीजर सामने आ चुका है, जो एक्शन और सस्पेंस से भरपूर है। डिज्नी+ हॉटस्टार ने ट्विटर पर सीरीज का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, नीरज पांडे के एक्शन और दिल को तेज कर देने वाली रोमांचक यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हो जाइए।आने वाले दिनों में अनुपम द वैक्सीन वॉर में नजर आएंगे।द इंडिया हाउस, इमरजेंसी, विजय 69 और मेट्रो इन दिनों जैसी फिल्में भी अनुपम की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार हैं।

द फ्रीलांसर में मोहित रैना टाइटल रोल में हैं, जबकि अनुपम खेर एक एनालिस्ट बने हैं। यह वेब सीरीज शिरीष थोराट की बेस्ट सेलिंग किताब ए टिकट टू सीरिया पर आधारित है। इसे भाव धूलिया ने डायरेक्ट किया है।

इस वेब सीरीज की कहानी एक रेस्क्यू ऑपरेशन पर आधारित हैं, जिसमें इस्लामिक स्टेट के कब्जे वाले सीरिया में मालदीव की एक युवा लड़की को जबरदस्ती पकड़कर रखा जाता है। वह किस तरह वहां से निकलने की कोशिश करती है, उसे सीरीज में दिखाया जाएगा।

# खेल



**कुलदीप ने लिया 50वां टी-20 विकेट**

| 4 | 28 | 3 | 7.00 |
|---|---|---|---|
| ओवर | रन | विकेट | इकोनॉमी |

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में वापसी के संकेत दिए हैं। टीम ने तीसरा टी-20 मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया है। कप्तान हार्दिक पंड्या ने टीम को सिक्स मारकर जिताया। इस जीत के बाद सीरीज का स्कोर 2-1 हो गया है। सीरीज का चौथा मुकाबला 12 अगस्त को अमेरिका के फ्लोरिडा शहर में खेला जाएगा। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में वेस्टइंडीज टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाए। 161 रन का टारगेट भारतीय टीम ने सूर्याकुमार यादव और तिलक वर्मा की पारियों के सहारे 17.5 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## इंडिया ने तीसरा टी-20 जीता, रिपोर्ट और एनालिसिस

### स्पिनर्स ने वेस्टइंडीज को 159 पर रोका, सूर्या के पावर प्ले से चेज आसान हुआ

तीसरे टी-20 में टीम इंडिया रिदम में दिखी। टीम बदली रणनीति के साथ उतरी। इसकी झलक पावरप्ले में देखने को मिली। कप्तान पंड्या ने तीसरा ओवर ही चहल को थमा दिया, हालांकि भारत को पहला विकेट 8वें ओवर में मिला। लेकिन हमारे स्पिनर्स ने शुरुआती 6 ओवर में विंडीज ओपनर्स को बांधकर रखा और कैरेबियंस तेज शुरुआत करने में नाकाम रहे। बाद में ओपनर ब्रैंडन किंग और कप्तान पॉवेल की पारियों के दम पर टीम ने 150+ का स्कोर खड़ा किया। बीच के ओवर्स में कुलदीप ने शानदार गेंदबाजी की और टीम को बड़ा स्कोर करने से रोका।

जवाब में सूर्या और तिलक की पारियों ने प्रोविडेंस स्टेडियम की कठिन पिच पर 160 के टारगेट को आसान बना दिया और भारतीय टीम ने 18वें ओवर में जीत हासिल कर ली, हालांकि टीम ने अपने ओपनर्स के विकेट 34 रन पर ही गंवा दिए थे। डेब्यूटेंट यशस्वी जायसवाल अपना प्रभाव नहीं छोड़ सके और गिल भी फ्लॉप रहे। ऐसे में मिडिल ऑर्डर ने रन बनाने की जिम्मेदारी निभाई। देखें भारत-वेस्टइंडीज तीसरे टी-20 का स्कोरकार्ड




160 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम ने 34 रन पर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। डेब्यूटेंट यशस्वी जायसवाल एक और शुभमन गिल 6 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे में सूर्यकुमार यादव ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 51 बॉल पर 87 रन जोड़े। इस साझेदारी के दम पर भारतीय टीम ने मैच में वापसी की, जब सूर्या 13वें ओवर में आउट हुए तब तक टीम इंडिया 121 रन बनाकर जीत की ओर कदम बढ़ा चुकी थी।

### भारत ने जीता पावरप्ले, 2 विकेट गंवाए, लेकिन रन रेट अच्छा रहा

मुकाबले का पावरप्ले कॉन्टेस्ट भारत के नाम रहा। टीम ने भले ही शुरुआती 6 ओवर में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए, लेकिन रन रेट अच्छा रहा। भारतीय टीम ने 60 रन जोड़े, वहीं वेस्टइंडीज 38 रन ही बना सकी।

## एक नजर

### कुलदीप यादव ने रचा इतिहास

चहल का रिकॉर्ड तोड़ बने सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज

**नई दिल्ली** । वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने 7 विकेट से जीत दर्ज की. मुकाबले में कुलदीप यादव ने शानदार प्रदर्शन दिखाया. उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट निकाले. इस दमदार प्रदर्शन के दम पर कुलदीप ने टीम इंडिया के लिए इतिहास रच दिया है. वह भारत के लिए टी20 में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं. कुलदीप ने सिर्फ 30 मैच खेलकर यह कारनामा किया है.



टीम इंडिया के लिए टी20 में सबसे तेज 50 विकेट लेने के मामले में कुलदीप ने युजवेंद्र चहल को पीछे छोड़ा है. चहल ने 34 मैचों में 50 शिकार किए थे जबकि कुलदीप ने सिर्फ 30 मैच खेलकर यह कारनामा किया और चहल को पछाड़ दिया है. इसके साथ ही कुलदीप यादव ओवरआल सबसे कम गेंदों में 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं.

अजंता मेंडिस, 26 मैचों में 50 विकेट
मार्क अडायर, 28 मैचों में 50 विकेट
कुलदीप यादव, 30 मैचों में 50 विकेट
इमरान ताहिर, 31 मैचों में 50 विकेट
युजवेंद्र चहल, 34 मैचों में 50 विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 160 का टारगेट दिया. जवाब में भारत की शुरुआत काफी निराशाजनकर रही. इसके बाद टीम की कमान संभालने उतरे सूर्यकुमार यादव ने अपनी पारी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. सूर्यकुमार यादव ने 44 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और 4 छक्के जड़े. इसके अलावा तिलक वर्मा ने 37 गेंदों पर 49 रनों का योगदान दिया.

### मनोज तिवारी ने संन्यास से लिया यू टर्न, रिटायरमेंट के पांच दिन बाद बदला अपना फैसला

**नई दिल्ली** । कुछ दिन पहले संन्यास का ऐलान करने वाले मनोज तिवारी ने अचानक यू टर्न ले लिया है. उन्होंने रिटायरमेंट से अपना फैसला बदल लिया है. 8 अगस्त को खिलाड़ी ने कोलकता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी आधिकारिक घोषणा की. ऐसे में अब उम्मीद जतायी जा रही है. कि मनोज जल्द ही मैदान पर वापसी कर सकते है.



हालांकि उनके संन्यास से यू टर्न के पीछे की वजह क्या है. ये अभी तक साफ नहीं हो पायी है. बीतें कुछ दिन पहले ही तिवारी ने सभी को चौंकाते हुए अपने संन्यास का ऐलान किया था. हालांकि इसके पांच दिन बाद ही खिलाड़ी ने इससे यू टर्न लेते हुए अपने फैसले को वापसे ले लिया है. जिसकी जानकारी खिलाड़ी ने कोलकता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी आधिकारिक घोषणा की. दरअसल मनोज के संन्यास के बाद बंगाल क्रिकेट का मिडिल ऑर्डर काफी कमजोर हो रहा था।

## सूर्यकुमार यादव ने अपने वनडे फॉर्म के बारे में कहा

### ईमानदारी से कहूं तो, नंबर बिल्कुल खराब हैं और इसे स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं

वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 में भारत ने सात विकेट से हरा दिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम इंडिया के उप कप्तान सूर्यकुमार यादव ने वनडे फॉर्म को लेकर कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मेरे वनडे के नंबर बिल्कुल खराब हैं और इसे स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं है।

मंगलवार को मैच में 44 गेंदों में 83 रन बनाने वाले सूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात के दैरान यह बात कही।

हम सभी ईमानदारी के बारे में बात करते हैं और आपको होना भी चाहिए, लेकिन आप कैसे सुधार कर सकते हैं यह अधिक महत्वपूर्ण है। रोहित (शर्मा) और राहुल (द्रविड़) सर ने मुझसे कहा है कि यह वह फॉर्मेट है जिसमें मैं ज्यादा नहीं खेलता, इसलिए इसकी ज्यादा प्रैक्टिस करनी होगी और इसके बारे में सोचना होगा क्या कर सकते हो। थोड़ा टाइम लेने के बाद यदि आप अंतिम 10-15 ओवरों में बल्लेबाजी कर रहे हैं, तो आप खुद ही सोचें कि आप टीम के लिए क्या कर सकते हैं। अब यह मेरे हाथ में है कि जिम्मेदारी को अवसर में कैसे बदलना है।



### सूर्या 26 वनडे मैचों सिर्फ 511 रन बना सके

सूर्यकुमार ने टी-20 इंटरनेशनल के 51 मैचों की 49 पारियों में 45.64 की औसत और 174.33 की स्ट्राइक रेट से 1,780 रन बनाए हैं। उन्होंने इस फॉर्मेट में तीन शतक और 14 अर्द्धशतक लगाए हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन के लिए 2022 में 'ICC T20I प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता और इस फॉर्मेट में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज भी हैं।

हालांकि, सूर्या के वनडे आकड़ें कुछ खास नहीं हैं। उन्होंने 26 वनडे मैचों के 24 पारियों में 24.33 की औसत से दो अर्धशतकों की मदद से सिर्फ 511 रन बना सके हैं।

### मुझे टी-20 की आदत हो गई है

उन्होंने आगे कहा, हम टी-20 फॉर्मेट इतना खेल रहे हैं कि मुझे इसकी आदत हो गई है। वनडे एक ऐसा फॉर्मेट है, जिसमें मैं ज्यादा नहीं खेलता हूं और मुझे यह सबसे चुनौतीपूर्ण फॉर्मेट लगता है।

## कुलदीप सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज: चहल का रिकॉर्ड तोड़ा

### सूर्या सबसे कम पारियों में 100 छक्के जमाने वाले भारतीय बैटर

गुयाना। भारत-वेस्टइंडीज तीसरे टी-20 मुकाबले में कुलदीप और सूर्यकुमार की जोड़ी ने टीम इंडिया को 7 विकेट से जीत दिला दी। इस जीत में लेग स्पिनर कुलदीप यादव और सूर्यकुमार यादव ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया।




सूर्यकुमार ने चार छक्कों से सजी 83 रनों की विस्फोटक पारी खेली, तो कुलदीप ने 4 ओवर की गेंदबाजी में 28 रन देकर 3 विकेट चटकाए। गुयान के प्रोविडेंस स्टेडियम में कुलदीप ने अपना 50वां टी-20 विकेट हासिल किया, तो सूर्या ने इस फॉर्मेट में 100वां सिक्स जमाया। कुलदीप सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने, तो सूर्या ने भारतीय बैटर्स में सबसे कम पारियों में 100 छक्के पूरे कर लिए।

### कुलदीप ने तोड़ा चहल का रिकॉर्ड

कुलदीप यादव ने करियर के 30वें टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में 50वां विकेट हासिल किया है। वे सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। कुलदीप ने युजवेंद्र चहल के 34 पारियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इतना ही नहीं, वे सबसे कम गेंदों में 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने हैं। कुलदीप ने 638 बॉल पर यह उपलब्धि हासिल की।

दुनिया भर के गेंदबाजों की बात करें तो कुलदीप सबसे कम मैचों में 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आदिवासियों का हो रहा सतत विकास,आदिवासियों के संस्कृति की सरंक्षण एवं सवर्धन कार्य रही भूपेश सरकार- चंद्रदेव प्रसाद राय

## विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिमसें मुख्य अथिति संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय शामिल हुए है। उन्होंने इस मौके पर जिले के 56 हजार से अधिक आदिवासी हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 15 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक राशि का वितरण किया। जिसमे 60 तेंदूपत्ता संग्रहाक समिति के 55 हजार 880 तेंदूपत्ता हितग्राहियों को पारिश्रमिक के रूप में बकाया बोनस कुल 14 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये प्रदान किया गया। जिसमें वर्ष 2023 के 24 समितियों के 19 हजार 591 हितग्राहियों को 6 करोड़ 40 लाख 71 हजार 920 रुपये, बोनस के रूप में 2021 के रूप में 19 समितियों के 19 हजार 245 हितग्राहियों को 2 करोड़ 65 लाख 63 हजार 792 रुपये एवं वर्ष 2022 के 17 समितियों के 17 हजार 44 हितग्राहियों को 5 करोड़ 14 लाख 59 हजार 483 रुपये शामिल है। इसी तरह आज 59 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र सहित,1 गांव कसडोल अंतर्गत ग्राम गबोद के ग्रामीणों को सामुदायिक वन अधिकार संसधान पत्र प्रदान किया गया है। साथ ही मनरेगा के तहत 159 आदिवासी हितग्राहियों के लिए 1 करोड़ 4 लाख रुपये के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त रोजगार मूलक कार्य हेतु 10 हितग्राहियों को अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा 2 लाख रूपये ऋण का वितरण किया गया है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं सहित समाज मे महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले आदिवासी समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी,,अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव,श्रमिक कल्याण बोर्ड सदस्य सतीश अग्रवाल, रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष,लोकेश कन्नोजे,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर,मंडी अध्यक्ष बलौदाबाजार तुलसी वर्मा,भाटापारा सुशील शर्मा,जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शेख अलीमुद्दीन,गोरे लाल साहू, परमेश्वर यदु, रमेश धृतलहरे अध्यक्ष जनपदपंचायत कसडोल सिद्धांत मिश्रा,पलारी खिलेंद्र वर्मा जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफ ओ मयंक अग्रवाल,अपर कलेक्टर बीसी एक्का, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रदेव प्रसाद राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासियों का ना केवल लगातार विकास हो रहा है बल्कि आदिवासियों के संस्कृति की सरंक्षण एवं सवर्धन कार्य हमारी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने किसानों के कर्जमाफी के साथ ही धान के समर्थन मूल्य की राशि,पेसा कानून, आदिवासियों के जमीन की वापसी, देवगुड़ी स्थापना के साथ ही आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में योजनाएं बनाई और उन्हें क्रियान्वित कराकर सबको लाभान्वित भी किया है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए वीरभूमि सोनाखान को तहसील का दर्जा प्रदान करने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सभा को सम्बोधित करते हुए आदिवासी समाज को विश्व में मानवता की पहचान एवं प्रकृति के सबसे बड़े उपासक के रूप में बताया। पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बस्तर से लेकर सरगुजा तक हो रहे आदिवासी विकास कार्यो का उल्लेख करते हुए विश्व आदिवासी नृत्य महोत्सव कर छत्तीसगढ़ की पहचान विश्व पटल पर लाने का कार्य भूपेश सरकार ने की है। साथ ही अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव विश्व आदिवासी दिवस मनाने के संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान की। आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने किया। उक्त मौके पर समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण सहित आदिवासी समाज के मुखिया एवं प्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आदिवासी विकास,पंचायत,वन एवं नगरीय निकाय विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



* जिले के 56 हजार से अधिक आदिवासी हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 15 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक राशि का किया वितरण

# एक नजर

## शिक्षको की पदस्थापना में अनियमितताओं को लेकर ओपी द्वारा भूपेश सरकार पर सवालों की बौछार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



राजधानी में प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने शिक्षकों की पदस्थापना में हुई अनियमितता को लेकर भूपेश सरकार पर जमकर बरसे। भाजपा नेता ओपी ने कहा सरकार ने स्वयं स्वीकार कर लिया ही कि शिक्षकों की पदस्थापना के दौरान जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय माफियाओं से प्रदेश की छवि दागदार हुई है। ओपी ने इस मामले को लेकर भूपेश सरकार पर सवालों की झड़ी लगा दी है। मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि हाईकोर्ट को शिक्षकों का तबादला आदेश निरस्त क्यों करना पड़ा? भूपेश सरकार बताए कि 15 हजार शिक्षकों का प्राइमरी स्कूल में हेड मास्टर पद में प्रमोशन के बाद पदस्थापना के दौरान काउंसलिंग क्यों नहीं की गई? 12 हजार शिक्षकों के प्रमोशन के बाद किए गए संशोधन में लेन देन की संभावना जताते हुए ओपी ने पूछा सरकार बताए कि प्रमोशन के बाद संसोधन क्यों किए गए? शिक्षकों की पदस्थापना के दौरान भ्रष्टाचार के तार सत्ता धारी दल से ताल्लूकात रखने वाले कांग्रेसियों से जुड़े हुए है आखिर उन्हें कार्यवाही से क्यों बचाया जा रहा? इसका जवाब भी भूपेश सरकार को देना चाहिए। अधिकारियों पर कार्यवाही को दिखावा बताते हुए ओपी ने सवाल किया क्या इस मामले में असली चेहरों को बेनकाब करने भूपेश सरकार न्यायिक जांच आयोग के गठन का साहस जुटा पायेगी या नहीं? इसका जवाब भी जनता को मिलना चाहिए।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर शीघ्रता से करें कार्यवाही, स्कूल मरम्मत कार्यों में लाए प्रगति

**कोरबा** । कलेक्टर श्री सौरभ कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन, रीपा के कार्य प्रगति, गौठानों में गोबर खरीदी, खाद बनाने, आजीविका गतिविधियां, राजस्व के लंबित प्रकरण सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम, डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू एवं दिनेश कुमार नाग, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने जिले में मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यो के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा अनुरूप सामुदायिक भवनों हेतु आबंटित भूमि की स्थिति, प्रशासकीय स्वीकृति की जानकारी लेते हुए कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनांतर्गत स्वीकृत, पूर्ण, अपूर्ण, प्रारंभ व प्रगतिरत मरम्मत कार्यो की समीक्षा की एवं कार्यो को शीघ्रता से पूरा करने के लिए कहा।

# 165 करोड़ का संदिग्ध लेन-देन, हाईकोर्ट ने मांगा सीएस और एसीबी से जवाब

**बिलासपुर।** भिलाई नगर के सुपेला स्थित यस बैंक के एक खाते में 165 करोड़ रुपए के लेन-देन की जांच नहीं करने को लेकर हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो के रवैए पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने 28 अगस्त को इसकी अगली सुनवाई रखी है जिसके पहले विस्तृत जानकारी कोर्ट में पेश करने कहा गया है। ज्ञात हो कि कथित रूप से भिलाई नगर के सुपेला स्थित यस बैंक की शाखा में अनिमेष सिंह नाम के व्यक्ति की गई। के खाते में 165 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ था। सन 2020 में हुए इस लेन देन पर अनिमेष सिंह ने पुलिस में हितेश चौबे और बाला चौहान के नाम पर एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके अगले ही दिन हितेश चौबे ने भी अनिमेष के खिलाफ खुर्सीपार थाने में आईपीसी की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। मई 2022 में हाईकोर्ट में एक आपराधिक रिट याचिका दायर की और इस ट्रांजैक्शन की निष्पक्ष जांच की मांग की याचिका में पुलिस विभाग प्रवर्तन निदेशालय और इनकम टैक्स विभाग को तत्काल निर्देश देने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि जनवरी 2020 से दर्ज एफआईआर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इनकम टैक्स विभाग ने भी इस मामले में पुलिस को पत्र जारी किया था लेकिन कोई जांच नहीं 13 जुलाई 2023 को हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो के छत्तीसगढ़ प्रमुख को संपूर्ण मामले का जवाब शपथ पत्र सहित जवाब देने के लिए आदेश दिया। एसीबी प्रमुख ने कोर्ट में बताया कि न तो इस अपराध के बारे में ब्यूरो को कोई जानकारी है ना ही ऐसा कोई प्रकरण जांच के लिए उसके पास भेजा गया है। चीफ जस्टिस की बेंच ने सवाल जवाब किए तब भिलाई के एक कर्मचारी यूनियन नेता प्रभुनाथ मिश्र सरकारी वकील ने कुछ गलतियां मानते हुए 6 सप्ताह का ने अधिवक्ता सतीश त्रिपाठी और बादशाह सिंह के माध्यम समय मांगा।



# कापू में सर्व आदिवासी समाज ने निकाली विशाल रैली

जोहार छत्तीसगढ़-कापू।



संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदि दिवस घोषित किया गया है। इसी के तहत आज सर्व आदिवासी समाज ने विशाल रैली का आयोजन कर धरमजयगढ़ विकासखंड कापु से बड़ी संख्या में आदिवासी इकट्ठा होकर महारैली के रूप में भारी संख्या में इकट्ठे होकर सोनपुर में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। जिसमें भारी संख्या में आदिवासियों का जनसमूह इकट्ठा होंगे जिसमें सर्व आदिवासी समाज प्रमुख महेन्द्र सिंह सीदार के नेतृत्व में रैली,नैतिक राजनीतिक में दिग्गज नेताओं का गांव कापु क्षेत्र से भारी संख्या में आदिवासी समाज पखनाकोट, किरिया, गणपतपुर, ससकोबा, बाकारूमा, खम्हार,लिपटी टोनहीनारा, कुमारता, सलका, क्षेत्र से बड़ी संख्या में आदिवासी नेता बिहान के मितानिनो साहित महिलाएं बच्चे बूढ़े आदिवासी वेशभूषा परिधान अद्वितीय संस्कृतियों परंपराओं में सजा तीर कमान धनु धरे अपनी संगठन शक्ति का प्रदर्शन करते नजर आए। जिन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, जल जंगल जमीन और राजनीतिक विशेषताओं को बरकरार रखा है आदिवासी भारत देश छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी वे आदिकाल से जंगलों में रहते हैं। जिनके वे उतराधिकारी अभ्यासी हैं। जिनमें वे रहते हैं। जो प्रमुख समाजों से अलग हैं। इसी उद्द्यो से निकली रैली के रूप में इकट्ठा सर्व आदिवासी समाज कापु से सोनपुर महारैली के लिए रवाना जिसमें मणिपुर घटना आदिवासी अत्याचार विरोध में सर्वाधिक आदिवासी समाज के लोग बैनर पोस्टर लेकर चल रहे हैं इन बैनर पोस्ट पर आदिवासी के अत्याचारों के नारे लिखे हैं इसके साथ ही जमकर नारे लगाए जा रहे हैं। रैली में अधिकांश लोगों के हाथों में बैनर पोस्ट हैं जिनमें लिखा है। एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान, जल जंगल जमीन बचाओ, बहन बेटियों की रक्षा करो, प्यासी धरती करे पुकार, पेड़ लगाओ करो उद्धार।

# मानसून हुआ कमजोर, थम गई बारिश



रायपुर । जुलाई में हुई अच्छी बारिश के बाद अब अगस्त के पहले सप्ताह में छत्?तीसगढ़ में मानसून सिस्टम कमजोर पड़ गया है। इसके चलते बारिश भी थम सी गई है और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। विभाग का कहना है कि कम से कम सप्ताह भर तो कम बारिश कम ही होगी।

फिलहाल अरब सागर से काफी मात्रा में नमी आ रही है, इसके प्रभाव से ही बादल छा रहे है और कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हो रही है। मंगलवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में हल्के बाद छाए रहे, इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई। रायपुर का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही बने रहने की उम्मीद है। मालूम हो कि प्रदेश में पांच अगस्त तक 616.1 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य वर्षा की तुलना में तीन फीसद कम है। इसके साथ ही प्रदेश में सर्वाधिक वर्षाबीजापुर में 1074.6 मिमी वर्षा हुई है और सरगुजा में सबसे कम 327.9 मिमी वर्षा हुई है। रायपुर में 775.2 मिमी वर्षा हुई है,जो सामान्य से 36 फीसद ज्यादा है।

विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आदिवासियों का हो रहा उत्थान राजस्व मंत्री- जयसिंह अग्रवाल

## वन अधिकार पत्र सहित सामग्रियों का किया गया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयसिंह अग्रवाल, मंत्री, राजस्व, आपदा प्रबंधन, पंजीयन और पुनर्वास वाणिज्यिक कर छत्तीसगढ़ शासन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में आदिवासी समाज ही नहीं सभी समाज के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उनका उत्थान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों के कर्जमाफी के साथ ही धान के समर्थन मूल्य की राशि, पेसा कानून, आदिवासियों के जमीन की वापसी, देवगुड़ी स्थापना के साथ ही आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में योजनाएं बनाई और उन्हें क्रियान्वित कराकर सबको लाभान्वित भी किया। प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा कि समाज के लोगों के पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी शासन द्वारा व्यवस्था की गई है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्णपंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी व्ही नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह सहित अन्य ने आदिवासी समाज के विकास के लिए योजनाएं बनाई और इसे क्रियान्वित भी किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ व कोरबा जिला के विकास में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से ही जिले में बड़े-बड़े प्लांट, खदान स्थापित हो पाए हैं, इसलिए हमारी भी प्राथमिकता होगी कि हम इस समाज के विकास में सहयोग करें। मंत्री अग्रवाल ने आदिवासी समाज द्वारा स्थापित शक्तिपीठ परिसर में विकास कार्यों के लिए की गई पहल, 50 लाख रुपए के शेड निर्माण, भवन आदि की जानकारी भी दी। उन्होंने कोरबा जिले में किए जा रहे विकास कार्यों को भी बताया। विशिष्ट अतिथि शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन हमें अपने अस्तित्व का बोध कराती है। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा आदिवासी वर्ग के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। वन अधिकार पत्र वितरण, सामुदायिक वन अधिकार पत्र सहित जमीन वापसी, पेसा कानून आदि में शासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। आदिवासी शक्तिपीठ और समाज के संरक्षक मोहन सिंह प्रधान ने अपने उदबोधन में कहा कि आज भारत ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा भी आदिवासी, मूल निवासी दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। आदिवासियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। स्वागत उदबोधन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने कहा कि आदिवासियों की अपनी विशिष्ट संस्कृति और परम्परा है, इसलिए विश्व में उनकी एक अलग पहचान है। कोरबा जिले में लगभग 40 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज की है।




शासन द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन आदिवासी समाज के लोगों के लिए किया जा रहा है। आदिवासी विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण सहित अन्य विभागों द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रयास जैसी विद्यालय और छात्रावास, आश्रमों में भी शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। इससे समाज को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत कसेर ने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद, जनपद अध्यक्ष हरेश क ंवर, सभापति श्याम सुंदर सोनी, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, संतोष राठौर, समाज के पदाधिकारी युगल किशोर, राम प्रकाश, सुभाष भगत, भुनेश्वर राज, डीएफ ओ अरविंद पीएम, कुमार निशांत, अपर कलेक्टर दिनेश नाग, प्रदीप साहू आदि उपस्थित थे।विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिसके अंतर्गत वनमण्डलाधिकारी कोरबा के अंतर्गत ठाकुरखेता के राजकुमार राठिया को तेंदूपत्ता बोनस के रूप में 97,404 रूपए व टेवानारा के शेरसिंह राठिया को 93,244 रूपए तेंदूपत्ता बोनस के रूप में प्रदान किया गया। इसी प्रकार वनमण्डल कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जल्के के सरोज कुमार को 40,203 रूपए तेंदूपत्ता बोनस, चोटिया निवासी चंपा बाई को शहीद महेन्द्र कर्मा बीमा योजना का 02 लाख रूपए एवं तुलसी महिला स्वसहायता समूह को कोदो खरीदी पर कमीशन 4,455 रूपए प्रदान किया गया। इसी प्रकार कृषि विभाग अंतर्गत रजगामार के विजय कुमार को सिंचाई पंप, उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत चाकामार के उमेंद सिंह व सोनाराम को पॉवर स्पेयर पंप, मत्स्य विभाग के अंतर्गत कुरूडीह के प्रदीप सिंह व महेश कंवर को मत्स्य जाल व आईस बॉक्स, क्रेडा विभाग अंतर्गत सुतर्रा के नवनीत कुमार गोंड़ व गनपत सिंह को सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंप वितरित किया गया।

अंत्यावसायी एवं वित्त निगम कोरबा द्वारा पीडिया के मसिंदर सिंह को विभागीय योजनांतर्गत 03 लाख एवं कुरथा के अनीस पोर्ते को ट्रैक्टर प्रदान किया गया। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय के दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थी कमेश्वर मरावी, प्रिंस कुमार एवं आकांक्षा सिंह को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत लेमरू को एफ आर, आदर्श ग्राम के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही 987 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 06 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा के द्वारा ग्राम लेमरू के प्रेम सिंह, अरसेना निवासी रोमन के लिए ऋण पुस्तिका वितरण किया गया।

**विश्व आदिवासी दिवस पर जिला मुख्यालय में विविध कार्यक्रम सम्पन्न**

# विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य शासन की विभिन्न लाभकारी योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री व उपकरण किया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




विश्व आदिवासी दिवस पर जिला मुख्यालय के दिशा सभा कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गुरु दयाल बंजारे संसदीय सचिव व विशेष अतिथि आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधायक ने सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारीं की तैलीय चित्र की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ गीत अरपा पैरी की गीत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि गुरु दयाल बंजारे, अध्यक्ष आशीष छाबड़ा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल सहित समाज के प्रमुख लोगों की गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पदुम सिंह एल्मा कलेक्टर,जनप्रतिनिधि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सहित समाज प्रमुख के साथ जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभाकक्ष में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर राज्य शासन और विभिन्न विभागों की विभागीय लाभकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल सामग्रियों व स्प्रिंकलर उपकरण व चेक का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। 10वीं 12वी के आदिवासी मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। गुरु दयाल बंजारे ने अपने अतिथी उदबोधन में कहा कि आज आदिवासी दिवस में आदिवासी समाज प्रमुखों को सम्मानित किया जा रहा है । साथ ही बेमेतरा जिले के कलेक्टर व जिला सीईओ भी आदिवासी समुदाय से आते हैं। उन्होंने आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं है। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिला में हर साल विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस पूरी तरह से विश्व के आदिवासियों को समर्पित हैं। आदिवासियों की संस्कृति की वजह से छत्तीसगढ़ पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाये हुए हैं। छत्तीसगढ़ में 9 अगस्त को आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र के विश्व के स्वदेशी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस की तारीख है। दिसंबर 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने निर्णय लिया कि विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया जाना चाहिए। 1982 में जिनेवा में आयोजित मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर उप.आयोग के स्वदेशी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक की मान्यता में चुनी गई थी।

** आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सगा समुदाय एवं उपस्थित सभी साथियों को मेरा जय जोहार जय छत्तीसगढ़ आज विश्व आदिवासी के शुभ अवसर पर जिला बेमेतरा के कलेक्टर होने के नाते सरकार की हर जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग सभी समाज व सभी वर्ग के लिए प्रदेश सरकार हर स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है शिक्षा स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सभी कार्य बेहतर आम नागरिकों तक पहुंच रहा है आज विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई।*

**- पदुम सिंह एल्मा, कलेक्टर बेमेतरा**

** हमारे आदिवासी समुदाय को आज पूरे विश्व में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के सभ्यता और संस्कृति उनके संस्कार और प्राकृतिक स्नेह प्यार को हम सब को कभी भूलना नहीं चाहिए क्योंकि प्राकृतिक ही ईश्वर का स्वरूप है जिससे हम सभी अपने जीवन में दैनिक उपयोग में निशुल्क प्राप्त करते हैं जिनके लिए हम सभी आज इस विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समस्त आदिवासी समाज को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं और ढेर सारी शुभकामनाएं।*

*गुरु दयाल सिंह बंजारे, संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन*

** भारत की संस्कृति हमारे आदिवासी समाज के दिन है साथ ही हमें गर्व है कि इतनी बेहतर सभ्यता और संस्कृति हमें हमारे आदिवासी समाज के लोगों से मिल रहा है आज छत्तीसगढ़ को पूरी विश्व में अपनी एक नई पहचान स्थापित करने में कामयाब रही है जिसके लिए इस विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समाज के सभी बंधुओ को मेरा हृदय से धन्यवाद और विश्व आदिवासी दिवस का ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई।*

**आशीष छाबड़ा, विधायक बेमेतरा**

** 9 अगस्त आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर समाज के लोगों को मेरा एक ही आग्रह है बाबा साहब अंबेडकर ने एक शब्द कहा था। शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पीएगा वो उतना दहाड़ेगा*

*इसलिए मेरा आग्रह है मेरा सगा समाज के लोगों से कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के प्रति विशेष लगाव के साथ में शिक्षा संस्कार के प्रति अपना ध्यान दें और बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा प्रदान करें।*

**- मूरीत मण्डावी, जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बेमेतरा।**

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर निकाली गई विधिक जागरूकता रैली

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के के निर्देशन में जिला सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी.एल. कटकवार के मार्गदर्शन में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों के कल्याण से संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के ए.डी.आर. भवन से प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघ पुष्पा भतपहरी एवं ज्योति अग्रवाल अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. कोरबा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर छात्र-छात्राओं को रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल, अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रतिक्षा अग्रवाल, मंजीत जांगडे एवं शीतल निकुंज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय पी.डब्ल्यू.डी. के प्रभारी प्राचार्य एन.के. राजवाड़े, गणेशी सोनकर, आर.के. गबेल, एन.के. कश्यप, के.सी. कुर्रे, बी.के. पाण्डेय, विभा शुक्ला, संस्कार भारती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक डिंगापुर के शिक्षकगण, दिनेश टेंगनवार, अध्यक्ष कर्मचारी संघ कोरबा एवं समस्त कर्मचारीगण जिला न्यायालय कोरबा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पैरालीगल वॉली.टियर्स सतीश यादव, अहमद खान एवं आर.एन. दुबे उपस्थित थे। उक्त रैली में लगभग 450 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। रैली के पश्चात् समस्त छात्र-छात्राओं को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का उत्पीड़न रोकने संबंधी कानून से संबंधित पाम्पलेट का वितरण कर विधिक जानकारी प्रदान किया गया।

## कृषि केन्द्रों में रायपुर की टीम ने की जांच

एक्सपायरी दवाओं को जब्त कर कार्रवाई जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



जिले में स्थित बीज, खाद एवं कीटनाशक प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है, इस परिपेक्ष्य में संचालनालय कृषि रायपुर से संतराम पैंकरा, सहायक संचालक कृषि के मार्गदर्शन मे जिला स्तरीय निरीक्षण दल से उग्रेश कुमार देवांगन सहायक संचालक कृषि कार्यालयीन, चुनेन्द्र प्रकाश देवांगन, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, भोपालपटनम एवं मरकेला श्रीनिवास, निरीक्षक, कार्यालय उप संचालक कृषि, बीजापुर के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में जांच की गई मोपालपटनम के अन्तर्गत गुरला कृषि केन्द्र, दन्तेश्वरी कृषि केन्द्र एवं लेम्पस, भोपालपटम, लक्ष्मी मर्केटिंग एवं कृषि केन्द्र, बालाजी कृषि केन्द्र, मददेड का निरीक्षण किया गया, जांच में रिकार्ड का सही तरीके से संधारण नहीं किये जाने के कारण नोटिस दिया गया। बीजापुर स्थित बटोही कृषि केन्द्र में एक्सपायरी कीटनाशक बिक्री हेतु रखे जाने के कारण जब्त कर विक्रय पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। लक्ष्मी मर्केटिंग एवं कृषि केन्द्र और बालाजी कृषि केन्द्र मदेदड में उर्वरक भण्डारण रिकार्ड का संधारण सही नहीं होने पर प्रतिबन्ध लगाया है।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत किया गया पौधारोपण

जिले में शिलापलकम, पंचप्राण, वसुधा वंदन जैसे कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिले में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में बुधवार को वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत रंजना एवं देवरी के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में 75-75 पौधों का रोपण किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने सर्व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को निर्देशित किया है कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सभी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाए। ग्राम पंचायतों में वसुधा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाए। जिसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में 75 पौधों का रोपण किया जाए। यह पौधारोपण स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर की मेड़ पर, शासकीय स्कूल-शालाओं के परिसर में पौधारोपण किया जाए। पौधारोपण के लिए वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा नर्सरी के माध्यम से पौधों की व्यवस्था की जाए। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत रंजना एवं देवरी के प्राथमिक शाला सुरक्षित परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा 75-75 फलदार, छायादार पौधे- आम, जामुन, कटहल, अमरूद, आंवला, नीम, बरगद, बेल, पीपल आदि का पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के द्वारा पौधों के सुरक्षा के लिए संकल्प लिया गया। वसुधा वंदन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रंजना की सरंपच ममता मरकाम, देवरी की सरंपच मालती कंवर, सचिव रजनी सूर्यवंशी, रोजगार सहायक किरण पैंकरा सहित मनरेगा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक नजर

## उद्यानिकी विभाग ने फलदार पौधों का किया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



जिले में आज नगर भवन में विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम रखा गया जहां पर उद्यानिकी विभाग बलौदाबाजार के द्वारा फलदार पौधों का वितरण किया गया जिसका लोगों ने काफी प्रशंसा भी किया लोगों ने बताया कि इस तरह का जो कार्य वह सराहनीय कार्य है और आज के दिनांक में फलदार वृक्ष का मिलना वह भी सम्मान स्वरूप ही दिखाई दे रहा है और इसके लिए हम हार्दिक दिल से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं की बात लोगों ने कही।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस अभियान का आयोजन 10 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।




बच्चों को कृमि के दुष्प्रभाव जैसे खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना,कमजोरी, स्वास्थ्य खराब होना आदि से बचाने के लिए 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस अभियान का आयोजन किया जायेगा। इसके अंतर्गत जिले के 1 से 19 वर्ष तक के लगभग 95 हजार बच्चों को एल्बेन्डाजोल की गोली समस्त स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में खिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि बच्चों में होने वाले कृमि के दुष्प्रभाव से खून की कमी, कुपोषण और शारीरिक एवं मानसिक विकास पर खास असर पड़ता है। इसके रोकथाम के लिए एल्बेन्डाजॉल की गोलियां बच्चों को दी जाती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा आपसी समन्वय से जिले के सभी अंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, तकनीकी शिक्षा संस्थान, आईटीआई पालिटेक्निक एवं डिग्री कालेज, आश्रम, छात्रावास के बच्चों को कृमि नाशक एल्बेन्डाजॉल की नि:शुल्क गोली खिलाई जायेगी। जिसमें 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीसकर आंगनबाड़ी केन्द्रों में एवं 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 1 गोली पीस करके एवं 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली चबाकर खिलाई जायेगी। ऐसे बच्चें जिन्हें गोली नहीं खिलाई गई है। उन्हें मॉप अप दिवस 17 अगस्त को खिलाई जायेगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

## 10 को खिलायी जाएगी कृमिनाशक एल्बेंडाजॉल की गोली

**कोरबा** । कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी के नेतृत्व में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कुलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से आगामी 10 अगस्त 2023 को 01 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल का सेवन कराया जाना है तथा मॉपअप दिवस 17 अगस्त 2023 को किया जाना है।


राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए सीएमएचओ ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस के दिन बच्चों को दवा सेवन अवश्य कराया जाना चाहिए जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, बौद्धिक विकास के साथ एनीमिया के रोकथाम में सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि पेट के कीड़े मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह समस्या गंभीर परिणाम सामने ला सकती है। पेट के कीड़े कृमि के नियंत्रण को ध्यान दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है। पेट में पाये जाने वाले कृमि जैसे राउंड वर्म, विहप वर्म तथा हुक वर्म शरीर पर गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं। यह वर्म परिजीवि होते हैं जो भोजन और अस्तित्व के लिए मानव ओंतो में रहते हैं। कीड़े मानव शरीर के पोषक तत्वों का उपभोग करते हैं और लोगों में विशेषकर बच्चों में रक्त हानि खराब पोषण का कारण बनते हैं।

## फाइलेरिया एवं कृमि नियंत्रण हेतु सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम सम्पन्न

* फाइलेरिया कार्यक्रम 2023

जोहार छत्तीसगढ़





-जिला कार्यालय बेमेतरा द्वारा फाइलेरिया एवं कृमि नियंत्रण हेतु सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम 10 अगस्त से 21 अगस्त तक किया जायेगा। जिसके तहत 10 अगस्त से 12 अगस्त तक स्कूल एवम आंगनबाड़ी में जाकर दल द्वारा हाथीपांव एवम कृमि मुक्ति हेतु दवा का सेवन कराया जाएगा।

एवं 13 अगस्त से 18 अगस्त तक घर घर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा। 19 अगस्त से 21 अगस्त 23 तक छूटे हुए लोगों को दवा सेवन कराया जाएगा। दवा का सेवन भोजन के बाद करना है। 01 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिला एवम अति वृद्ध व गम्भीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को यह दवा सेवन नहीं कराना है। उम्र अनुसार फाइलेरिया दवाई 100 एमजी का डोज जीरो से दो वर्ष तक के बच्चों को दवा नहीं खिलाया जायेगा वही दो से पांच वर्ष के बच्चों को एक गोली व छ: वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को दो गोली तथा 15 वर्ष से अधिक के व्यस्क व्यक्ति को दो गोली अवश्य लेना चाहिए कहा

एल्बेंडाजोल दवाई 400 एमजी की खुराक में 1 वर्ष से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली व 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के 1 गोली लेना तथा 6 से 14 वर्ष तक के लोगों को 1 गोली लेना अनिवार्य वही15 वर्ष से अधिक के व्यस्क व्यक्ति को 1 गोली लेना सुनिश्चित है उपरोक्तानुसार उम्र अनुसार दवा का सेवन कराया जायेगा।

** फइलेरिया की गोली निगलकर खाना है एवम कृमि की दवा चबाकर खाना है। फाइलेरिया एवम कृमि की दवा पूर्णत: सुरक्षित है। जिन बच्चों एवम नागरिकों में पूर्व से संक्रमण है। उनमे सामान्य रूप से हल्की मतली, हल्का चक्कर की समस्या हो सकती है जो कुछ देर में स्वत: ठीक हो जाता है, इसमें घबराने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु जिला चिकित्सालय बेमेतरा के डॉ. ज्योति ने उपस्थित पत्रकारों को विस्तार से जानकारी साझा करते हुए बतलाया की आपातकालीन उपचार हेतु विशेष रूप से टीम गठित किया गया है साथ टोल फ्री नंबर जारी किया गया।*

**डॉ. ज्योति जसाठी जिला मलेरिया अधिकारी बेमेतरा**

## सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रही

तीन बाइक में आठ सवार, 3 का पैर टूटा बाकी घायल

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार



जिले में सड़क दुर्घटना का आलम थमने का नाम नहीं ले रहा है ताजा मामले की जानकारी इस प्रकार से है कि शाम 4 बजे के आसपास दो बाइक पर तीन-तीन लोग जिसमें एक गाड़ी पर दो व्यस्त तथा एक नाबालिग बच्चे दूसरी गाड़ी पर एक व्यस्त एक महिला तथा एक नाबालिग बच्चा सवार था जो कि बलौदाबाजार से बेमेतरा की ओर जा रहे थे। तभी बाईपास से बलौदाबाजार की तरफ आ रहे हैं दो नाबालिक बच्चों के द्वारा गाड़ी दोनों के बीच में घुसा दी गई जिस पर तीनों गाड़ी का आपस में टकराना हुआ तथा तीनों का आपस में टकराने से भयंकर दुर्घटना ग्रसित हुआ जहां पर तीन लोगों का पैर टूटा तथा बाकी पांच लोग घायल अवस्था में है जिसमें डॉक्टरों के द्वारा बताया जा रहा है कि एक बच्चा तथा एक महिला थोड़ा ठीक ठाक अवस्था में है। मगर इस तरह की जो घटना है वह मनचले नाबालिग लड़कों की गाड़ी चलाने से निर्मित हो रहा है ऐसा जान पड़ रहा है जबकि लगातार आग्रह मुहिम चलाकर लगातार पुलिस प्रशासन लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दे रहे हैं और लगातार यातायात के हर नियमों का पालन करने की हिदायत भी दे रहे हैं मगर लोग समझ नहीं पा रहे हैं और आज इस तरह की निर्मित हो रही है कि लगातार बलौदाबाजार जिले में कहीं ना कहीं किसी न किसी मोड़ पर कोई न कोई दुर्घटना हो रहा है और जैसे-तैसे किसी की जान जा रही है कोई दुर्घटना का शिकार हो रहा है कोई घायल अवस्था में है तो कोई हाथ पर तोड़वा रहा है पूरे मामला को लेकर लगातार पुलिस की विवेचना जारी है तथा जब घटना हुआ उसके बाद सूचना मिलते ही दो पुलिस वाले बसंत कुमार साहू तथा पूरन पंकज का वहां पर जाना हुआ तथा एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल सभी लोगों को अस्पताल ले जाया गया इस प्रकार से दोनों पुलिसकर्मी ने तत्काल घायलों का उपचार करने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई अभी सभी जिला अस्पताल में भर्ती है तथा इलाज जारी है और पुलिस की विवेचना के जारी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी कि किस कारण से घटना हुआ तथा कौन इन घटना के जिम्मेदार है।

**नाबालिग बच्चे चला रहे थे गाड़ी**

## नागदरहा में लाभार्थी सम्मेलन संपन्न

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हर व्यक्ति को व्यक्तिगत लाभ मिला है- हरिशचंद्र राठिया

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।





आज लाभार्थी सम्मेलन शक्ति केंद्र गेरसा के मतदान केंद्र नागदरहा में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता हरीशचंद्र राठिया, महामंत्री अनिल पांडेय सह वक्ता, जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष मोती बेहरा, शक्ति केंद्र प्रभारी नित्यानंद यादव, संतराम राठिया, नैहर दास, रजे कुमार सरपंच, लीलाधर गौंटिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष नैहर दास महंत, युवा मोर्चा अध्यक्ष लिलांबर यादव एवं ग्राम के सभी लाभार्थी जन, मंच संचालन संतराम राठिया ने किया, अनिल पांडेय मोती बेहरा ने सभा को संबोधित किया, मुख्य वक्ता हरीशचंद्र राठिया ने लाभार्थी सम्मेलन में लाभ पाने वाले सभी हितग्राहियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सभी गारिबों को दिया जाना था लेकिन कांग्रेस की सरकार ने उसे रोक दिया जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी गांव-गांव जाकर, मोर आवास मोर अधिकार के तहत कार्यक्रम किया गया, विधानसभा भवन का घेराव भी किया गया इस सफल आंदोलन से कुम्भकरणी निंद्रा में सो रही कांग्रेस की सरकार जगी और पुनः कुछ धीरे धीरे प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति करने की पहल कर रही है। स्वच्छ मिशन के तहत शौचालय निर्माण, आयुष्मान कार्ड योजना, वैक्सीन, उज्जवला गैस, किसान सम्मान निधी, करोना काल में सभी हितग्राहियों को 5 किलो अतिरिक्त निःशुल्क चावल दिया, जन धन खाता निःशुल्क खुलवाया, स्वच्छ जल मिशन के तहत नल जल योजना के माध्यम से घर-घर में नल लगवाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की अनेकों लाभकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सैकड़ों लाभार्थी, सम्मेलन में शामिल रहे एवं आभार व्यक्त एवं समापन नैहर दास महंत ने किया।

## एक नजर

### 4 लीटर अवैध शराब व 60 किलो महुआ लाहन आबकारी विभाग ने किया जप्त



**सूरजपुर।** सचिव सह आबकारी आयुक्त श्री जे.पी पाठक एवं प्रबंध संचालक श्री आर.के. मंडावी के द्वारा दी गई निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री इन्द्रबली सिंह मारकण्डेय के विशेष मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा अवैध प्रकरण के विरूद्ध 31 जुलाई से 06 अगस्त तक 7 प्रकरण दर्ज किया गया, तथा 4.280 बल्क लीटर अवैध शराब के साथ 60 किग्रा. महुआ लाहन जप्त किया गया।

### जनचौपाल में पूरी हुई फरियाद, गरीब ममता का बना राशनकार्ड

कलेक्टर ने तत्काल कार्ड बनाने के दिए थे निर्देश

**कोरबा** । चूंकि मैं बहुत गरीब हूं, किसी तरह से अपनी गुजर-बसर कर रही हूं, मेरी बेटी भी गरीब है, लेकिन उसके नाम पर अलग से राशनकार्ड नहीं बना है। कलेक्टर साहब मेरी बेटी के नाम पर अलग से राशनकार्ड बनवा दीजिए। यह बात जनचौपाल में पहुंची पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बम्हनीकोना निवासी महिला अमरमती बाई ने कलेक्टर श्री सौरभ कुमार से कही तो संवेदनशील कलेक्टर ने उनके आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उनकी मांग को पूरा करने में बिल्कुल भी देरी नहीं की। उन्होंने मौके पर उपस्थित खाद्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित कर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदिका अमरमती बाई की बेटी ममता कैवर्त के नाम पर राशनकार्ड बनाने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देश के बाद खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आवेदिका से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर ममता कैवर्त के नाम पर पात्रतानुसार प्राथमिकता राशनकार्ड जारी किया। अब उन्हें बम्हनीकोना के राशन दुकान से पात्रतानुसार चावल नमक, शक्कर सहित अन्य राशन मिलेगा। कलेक्टर जनचौपाल में अपनी फरियाद तत्काल पूरी होने से अमरमती ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुँचे लोगों से कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवेदकों ने बारी-बारी से कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। जनचौपाल में आज 133 लोगों ने आवेदन दिए। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, नौकरी की मांग, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, मुआवजा प्रकरण के निराकरण, लंबित मजदूरी भुगतान, बिजली समस्या संबंधी शिकायतें, नामांतरण, सीमांकन, पेंशन प्रकरण, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन भी शामिल रहे। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम, डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, श्री अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू एवं दिनेश कुमार नाग सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 10 को

**कोरबा** । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 10 अगस्त 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में सेफइंटेलीजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस आर्य नगर कोहका सिरसा रोड, भिलाई-दुर्ग द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 10 पद तथा लेबर के 50 पद पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदकों की आयु सीमा 20 से 40 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 10 अगस्त को प्रातः 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

चोरों ने पुलिस के नाक में किया दम

## भाजपा नेता के घर में सेंधमारी, सोने-चांदी के जेवर और नगदी ले उड़े चोर






**जशपुर।** छत्तीसगढ़-ओड़िसौर जनता सब पर चोर भारी पड़ रहे हैं. बीते रात यहां एक घर में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. चोरी की घटना में खाश बात यह है कि इस बार चोरों ने सुनसान मकान के बजाय मुख्य रोड स्थित एक ऐसे मकान को निशाना बनाया जहां घर के लोग भी मौजूद थे. रात में घर वाले गहरी नींद में सोए थे और चोरों ने बड़े आराम से घर मे घुसकर घर की आलमारी में रखे लाखों रुपये के जेवरात नकदी और शर्ट के जेब में रखे पैसे भी ले गए. जब घरवालों की नींद सुबह खुली तब तक घर से चोरों ने हाथ साफ कर लिया था. बताया जा रहा है कि जिसके घर चोरों ने हाथ साफ किया है वह भाजपा नेता का घर है और उनकी पत्नी जनपद सदस्य भी है। तपकरा देवी मंदिर के पास जुगल जायसवाल का घर है. हर दिन की तरह जुगल जायसवाल कल भी अपने घर में खाना खाकर सो गए लेकिन जब सुबह नींद खुली तो देखा कि उनके बेड रूम से आलमारी की चाबी गायब है और जब वे आलमारी के पास पहुंचे तो देखा आलमारी अस्त व्यस्त है और आलमारी के भीतर रखे सोने-चांदी के सारे जेवरात सहित नकदी गायब हो गए है. बता दें कि तपकरा में पिछले दो माह से लगातार चोरियां हो रही है. चोरों ने अबतक दर्जनों घरों को निशाना बना चुके हैं. चोर अभीतक सुने मकानों को टारगेट कर रहे थे, इसको देखते हुए पुलिस सूने मकानों को विशेष तौर पर निगरानी में रखी थी. लेकिन चोरों ने इस बार पुलिस को चकमा देते हुए ऐसे घर को निशाना बना लिया, जहां घर के लोग भी मौजूद थे। SDOP संदीप मित्तल ने बताया कि सुबह 4 बजे उन्हें चोरी की घटना की सूचना मिली. जिसके बाद मामले की जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि घर के लोग घर में सो रहे थे. उसी वक्त चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है. फिलहाल, चोरों की पतासाजी की जा रही है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

नर्तकों के साथ मांदर की थाप पर झूमे- विधायक और कलेक्टर



जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज स्थानीय इनडोर स्टेडियम में भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में आदिवासी जीवन के महत्व के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र में आदिवासी समाज और संस्कृति की छाप है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का बड़ा योगदान रहा है, उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों गूंडाधूर, वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए उनके सामाजिक योगदान के बारे में बताया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों की कर्जमाफी के साथ ही धान के समर्थन मूल्य की राशि, पेसा कानून, आदिवासियों की जमीन वापसी, देवगुड़ी स्थापना के साथ ही आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में योजनाएं बनाई और उन्हें क्रियान्वित कराकर सबको लाभान्वित भी किया। कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है और आदिवासी समाज के विकास, उनकी परंपराओं और उनके संसाधनों को जीवंत बनाए रखने के लिए हर साल विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जल, जंगल, जमीन से जुड़े वन निवासियों को वन अधिकार पत्र बांटे जा रहे हैं एवं शासन उनसे फ सल की खरीदी भी कर रहा है, जिनसे उन्हें सीधे लाभ प्राप्त हो रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि अंत्यावसायी एवं कृषि विभाग द्वारा लगातार आदिवासियों को लाभान्वित करने की दिशा में शासन प्रयासरत है। इसके पश्चात विभिन्न पंचायतों के सरपंचों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र, व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही कृषि एवं मनरेगा योजना के तहत आदिवासी किसानों को प्रशासकीय स्वीकृति एवं सामग्री भी वितरित की गई। इसके पहले, विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जिला स्तरीय आयोजन भी किया गया एवं कार्यक्रम के दौरान नर्तकों के द्वारा कर्मा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में विधायक एवं कलेक्टर मृदंग की थाप पर झूमते हुए नृत्य में शामिल कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के सदस्य पुरुषोत्तम साहू, तारा शर्मा, सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी बंजारे, गनपत जांगड़े, अरूण मालाकार, अनिका भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, उपाध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़ रामनाथ सिदार, जिला पंचायत सदस्य बिलास सारथी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## भारी मात्रा में चांदी और नगदी के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**महासमुंद।** जिले के साइबर सेल और सिंघोड़ा पुलिस को भारी मात्रा में चांदी और नगदी के साथ 2 लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। एनएच-53 में रेहटीखोल चेक पोस्ट के पास 2 व्यक्ति पकड़े गए है। जिनसे 71.811 किलो चांदी और 1 लाख 83 हजार नगद के साथ एक कार जब्त किया गया है। जब्त चांदी की कीमत 35 लाख 18 हजार रुपये बताई गई है। पकड़े गए दोनों व्यक्ति का नाम महेश साहू और विष्णुप्रसाद ठाकुर है जो राजधानी रायपुर के निवासी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राज्जीय चेक पोस्ट रेहटीखोल (छत्तीसगढ़ ओड़िसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की रेनॉल्ट क्वीड कार क्रमांक छ्त्र 04 रुा 9310 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। वाहन को चेक पोस्ट के पास रोका गया।

### चेक पोस्ट पर जांच के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े

कार में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिनसे पूछताछ करने पर ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम महेश साहू पिता उमेश कुमार साहू उम्र 26 वर्ष सा. लाखेनगर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर और वाहन चालक ने अपना नाम विष्णुप्रसाद ठाकुर पिता मनमोहन ठाकुर उम्र 30 वर्ष सा. इंद्रप्रस्थ कॉलोनी रायपुरा थाना ढीढी नगर जिला रायपुर का होना बताया। जिनसे पूछताछ करने पर सही तरीके से जवाब नहीं देने और जवाब गोलमोल, संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर वाहन की तलाशी ली गई। तो पीछे डिक्की में अलग-अलग बैंग रखा हुआ मिला।

### कार की डिग्गी में मिला चांदी का जखीरा

इससे पुलिस टीम को संदेह हुआ और कार डिक्की को खुलवाकर चेक किया गया तो कार की डिक्की में अलग-अलग विभिन्न बैंगों में रखी मिला। जिसे खोल चेक करने पर भारी मात्रा में चांदी की आभूषण, चांदी की सिल्ली और नगदी मिली। जिसे निकालकर चेक करने पर भारी मात्रा में चांदी के विभिन्न आभूषण (पायल, अंगूटी, ब्रेसलेट आदि आभूषण), चांदी की सिल्ली कुल वजनी 71.811 किलो ग्राम और 183450 रुपये नगदी रकम रखे मिला।

### पुलिस ने की कार्यवाही

पुलिस की टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों से नगदी रकम और चांदी की ज्वेलरी के संबंध में दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह कोई भी वैधानिक दस्तावेज पेश नही कर पाया।

और पुलिस गोलमोल जवाब दे रहे थे। दोनो का आचरण भी संदिग्ध था।

# सड़क जाम की समस्या को सात दिनों में सुधारें एसईसीएल-रितुराज सिंह

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।





ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरमजयगढ़ के अध्यक्ष रितुराज सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर साहू, दिलीप सारथी चितेश साहू ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक एसईसीएल छाल एवं थाना प्रभारी छाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छाल खुली खदान के एंट्री गेट में रोजाना हो रहे सड़क जाम को सात दिनों में सुधारने की बात कही गई है, साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि सुधार नहीं होता है तो क्षेत्रवासी एसईसीएल के खिलाफ अनिश्चित कालीन आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। यहां यह बताना लाजमी होगा कि क्षेत्र में एसईसीएल छाल की खुली खदान है जिसकी क्षमता अब 6 मिलयन टन बढ़ा दी गई है। जिसमें रोजाना सैकड़ो वाहन कोयला का परिवहन करते हैं जिससे धरमजयगढ़ से खरसिया मुख्य मार्ग में भारी दबाव रहता है। परन्तु खदान के एंट्री गेट में जल्दी जल्दी घुसने के चक्कर में ट्रेलर ड्राइवर दोनों तरफ बेतरतिब ढंग से दो लाईन बनाकर गाड़ी खड़ी कर देते हैं। जिससे आये दिन धरमजयगढ़ खरसिया मुख्य मार्ग में जाम लग जाता है। और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब सब से अजीब बात यह है कि एसईसीएल प्रबंधन कभी भी इस समस्या के समाधान के लिए गंभीर नहीं रहती है। और कोई स्थाई समाधान उनके द्वारा आज तक नहीं किया गया है। जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी उनसे कई बार गुहार लगा चुके हैं और आंदोलन भी कर चुके हैं। ज्ञातव्य है कि रायगढ़ जिले में एसईसीएल की कई कोयला खदानें संचालित है जिसमें हर वर्ष रिकॉर्ड कोयला उत्पादन होता है। परन्तु जहां भी कोयला की खदाने हैं चाहे वो छाल हो या बरौद, बिजारी, जामपाली, या गारे पेलमा सभी जगहों का हाल बेहाल है। वहां न तो कोई विकास कार्य दिखता है और वहां के सामाजिक आर्थिक उन्नति या लोगों को सुविधाएं देने में एसईसीएल ने कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। इसके उलट स्थानीय लोग धूल डस्टए प्रदुषण तथा आये दिन सड़क जाम को झेलने मजबूर हैं, पुरे जिले में कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों से सड़कों का बुरा हाल है ऊपर से आये दिन सड़क दुर्घटना में लोग हताहत हो रहे हैं, लोग भय में जीवन जीने को मजबूर हैं,और उसी का नतीजा है कि लोगों में दिनोंदिन एसईसीएल के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है जो कभी भी ज्वालामुखी का रूप ले सकता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितुराज ठाकुर पहले भी इन समस्याओं के लिए आंदोलन कर चुके हैं और अब आर पार की लड़ाई को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि एसईसीएल जल्द ही यदि इस समस्या का समाधान नहीं करती है तो न सिर्फ छाल बल्कि सभी खदानों में अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जायेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in